13 मार्च 2025
गुरुवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



भांग खाकर सदन में आते हैं नीतीश कुमार, महिलाओं का करते हैं अपमान : राबड़ी

2



## 2428 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

♦ बिहार में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों चालकों पर परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों चालकों पर परिवहन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। अप्रैल 2024 से अब तक, पुलिस/यातायात पुलिस की सिफारिशों के आधार पर 2,428 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया गया हैं, जबकि 101 वाहन चालकों का लाइसेंस रद्द किया गया है।

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन यथा रैश ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग तथा बार-बार यातायात नियमों के उल्लंघन किये जाने पर संबंधित वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है। यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, और उनके लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द किए जा सकते हैं। इसके साथ ही, उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। राज्य में ट्रैफिक की ओर से 1592 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित एवं 61 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की गई थी, जिसमें 1586 वाहन चालकों का विभिन्न जिलों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित एवं 61 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की गई है।



### इन नियमों का उल्लंघन पड़ा भारी

1. ओवरस्पीडिंग (तेज गति से वाहन चलाना)
2. रेड लाइट जंप करना, 3. रैश ड्राइविंग (गलत तरीके से वाहन चलाना), 4. ओवरलोडिंग, 5. बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के वाहन चलाना, 6. गलत दिशा में वाहन चलाना (रॉन्ग साइड ड्राइविंग)

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 24 बांग्लादेशी गिरफ्तार

♦ दिल्ली पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आखिर इन लोगों ने भारत में प्रवेश कैसे किया था

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली में बीजेपी सरकार बनने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं के खिलाफ पुलिस का एक्शन तेज हो गया है। हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस कमिश्नर के बीच एक अहम बैठक हुई थी, जिसमें दिल्ली की सुरक्षा और अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी-रोहिंग्या का मुद्दा प्रमुख रहा। इस बैठक के बाद पुलिस ने इन अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है।



साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 11 बांग्लादेशी रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया, जबकि साउथ डिस्ट्रिक्ट की पुलिस ने 13 अन्य बांग्लादेशी रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया। कुल मिलाकर दिल्ली पुलिस ने 24 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 4 महिलाएं और 2 बच्चे शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए ये लोग विभिन्न कामों जैसे सफाई और कूड़ा बिनने के कामों में लगे हुए थे। दिल्ली के ज्वाइंट सीपी संजय कुमार जैन ने इस मुद्दे पर बताया कि यह लोग पिछले कई सालों से दिल्ली में रह रहे थे। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि ये लोग भारत में कैसे प्रवेश किए थे। ज्वाइंट सीपी संजय कुमार जैन ने कहा कि दोनों जिलों में लगभग 6000 लोगों के दस्तावेज चेक किए गए, जिनमें से इन 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली पुलिस की इस मुहिम का उद्देश्य अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजना है। यह कार्रवाई दिल्ली सरकार और पुलिस की ओर से एक बड़ी पहल मानी जा रही है, जो सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए है। पुलिस ने इस ऑपरेशन को लेकर पूरी तत्परता दिखाई है यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों के खिलाफ प्रभावी होगी।

### खबरें फटाफट

#### सिंगरौली में टूटेंगे 20 हजार घर, नई जगह बसाए जाएंगे 50 हजार लोग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा विस्थापन किए जाने की तैयारी की जा रही है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 2025-26 के बजट में इस विस्थापन का जिक्र किया है। यह विस्थापन मध्य प्रदेश की खनन राजधानी कहे जाने वाले सिंगरौली शहर का किया जाएगा। इसमें सिंगरौली के 20 हजार घरों में रहने वाले 50 हजार लोगों को नई जगह बसाया जाएगा। हालांकि, बजट में इसके लिए अलग से प्रावधान नहीं किया गया है। दरअसल, सिंगरौली में 2724 मिलियन टन कोयले का भंडार मौजूद है। यह सिंगरौली कोयला क्षेत्र के उत्तर पूर्वी भाग में करीब 220 किमी क्षेत्र को कवर करता है। आमतौर पर देश के कोयला क्षेत्रा में कोल सीम की मोटाई 30 मीटर तक ही होती है, लेकिन सिंगरौली में कोयला क्षेत्र में कोल सीम 138 मीटर तक की खोजी गई है। सिंगरौरी के झिंगुदरा में यह 162 मीटर तक है। नार्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड ने जांच में यहां कोयले का विशाल भंडार मिलने बाद इसके विस्तार की रणनीति बनाई है। इसके तहत सिंगरौली के मोरवा और आसपास के हिस्से को हटाया जाएगा। कोयले के खनन के लिए एनसीएल को कोल इंडिया बोर्ड की अनुमति मिल चुकी है।

### भोजपुर जिला के बिहिया थाना के बेनवलिया गांव की है हृदयविदारक घटना

## पिता ने उठाया खौफनाक कदम... चार बच्चों को दूध में दिया जहर, चारों की मौत

♦ जहर खाने से पिता की भी हालत गंभीर, अस्पताल में चल रहा इलाज

♦ मरनेवालों में दो बेटी और दो बेटा शामिल

**केटी न्यूज/आरा**

बिहार के भोजपुर जिला में मंगलवार की रात दो बेटा और दो बेटी के साथ पिता ने जहर खा लिया, जिसके बाद तीन बच्चों की मौत हो गई। वहीं गंभीर स्थिति में पिता और 10 वर्षीय बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में 10 वर्षीय बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। घटना जिले के बिहिया थाना के बेनवलिया गांव की है। रात में पिता ने बच्चों को पुड़ी खिलाया उसके बाद सभी बच्चों के साथ एक-एक ग्लास दूध पीया। इसके बाद बच्चों की तबियत अचानक खराब होने लगी और घर में बच्चे रोने लगे इसके बाद परिजन और पड़ोसियों के द्वारा दरवाजा को तोड़कर गंभीर हालत में आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सभी को पटना रेफर कर दिया। हालांकि परिजन पटना नहीं ले जाकर सभी को आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद एक-एक कर तीन बच्चों की मौत हो गई। बाद में चौथे बच्चे ने भी दम तोड़ दिया।





### पत्नी की मौत और कर्ज से परेशान था अरविंद कुमार

जानकारी के अनुसार मृत बच्चों में बिहिया थाना के बेनवालिया निवासी अरविंद कुमार की 5 वर्षीय बेटी पलक, 7 वर्षीय बेटा टोनी कुमार, 13 वर्षीय बेटी नंदनी कुमारी और 10 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार शामिल है। वहीं अरविंद कुमार का गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है।

दम तोड़ने से पहले आदर्श ने बताया था कि उसकी मां की मौत आठ महीने पहले बीमारी के कारण हो गई थी। इसके बाद मेरे पिता अंदर से टूट गए थे। कुछ दिन के बाद से वो बेनवलिया बाजार में एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक का दुकान चलाकर हम लोगों का पालन पोषण कर रहे थे। लेकिन कुछ कहते नहीं थे। रात में हमलोगों को खाना में पूड़ी खिलाया, फिर उसके बाद सभी को एक-एक गिलास दूध दिया और खुद पीया। कुछ देर बाद से ही हमलोगों को उल्टी होने लगी और पेट में जोर से दर्द होने लगा। कोई घर पर नहीं था ना ही हमलोग किसी से मदद ले सकते थे। कमरे में छटपटाटे रहे लेकिन कोई नहीं आ पाया। काफी देर बीत जाने के बाद दरवाजा अचानक खुला। इसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं ग्रामीण गुप्तेश्वर प्रसाद ने बताया कि गांव में पड़ोसी की बरात आई हुई थी। सभी लोग उसी में शामिल होने के लिए गए थे। इसी बीच अरविंद के भतीजे ने फोन किया कि सभी की तबियत खराब हो गई है। आरा लेकर जा रहे हैं। आरा आने के बाद सूचना मिली कि सभी जहर खाए हुए हैं। अरविंद की पत्नी के देहांत होने के बाद वो दुकान चलाता था और बच्चों को दुकान पर बैठाकर पढ़ाई भी करवाता था। इसके जीवन में सब कुछ था, लेकिन पत्नी के जाने के बाद बच्चों को संभालने में काफी परेशानी हो रही थी।

### सीवान में पैकेट का दूध पीने से दो मासूमों की मौत

**सीवान।** सीवान के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में दो मासूम (भाई-बहन) बच्चों की मौत होने का मामला सामने आया है। दूध पीने के बाद बच्चों की मौत की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। मरने वालों की पहचान अंकुर कुमार गांगुली के पांच वर्षीय पुत्र अर्पण गांगुली और तीन वर्षीय पुत्री श्रेया कुमारी के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों बच्चों की मां का कहना है कि सोमवार को तीन वर्षीय श्रेया कुमारी को सोने से पहले बाहर से मंगाए गए दूध को पिलाया गया। दूध पीने के बाद श्रेया सो गई, लेकिन जब वह नहीं उठी तो हमलोगों ने उसे रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को चार वर्षीय अर्पण गांगुली को भी वही दूध पिलाया गया, जिससे वह अचेत हो गया। परिजनों ने उसे भी रघुनाथपुर रेफरल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने पूरे गांव में मातमी सन्नाटा फैला दिया है और लोग आशंका जता रहे हैं कि घटना के पीछे कोई साजिश हो सकती है। रघुनाथपुर थाना प्रभारी विजय कुमार चौधरी ने बताया कि दो बच्चों की मौत हो गई है। परिवारवालों ने दूध और कुरकुरे खिलाने की बात कही है। दोनों का पोस्टमार्टम करवाया गया है। जांच के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## गुजरात में छात्रा का अश्लील वीडियो बना 16 महीने तक करते रहे दुष्कर्म

**एजेंसी/गांधीनगर**

गुजरात के बनासकांठा जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया है कि एक कॉलेज छात्रा को उसके नग्न वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने के बाद सात लोगों ने कथित तौर पर 16 महीने तक बार-बार दुष्कर्म किया। पीड़िता पालनपुर में एक कॉलेज में पढ़ती है। आरोपियों में से एक ने इंस्टाग्राम पर उसके साथ दोस्ती की और फिर उसे एक होटल में नाश्ते के लिए बुलाया। वहां उसने उसके कपड़े पर खाना गिराया और फिर उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद, आरोपी ने पीड़िता को वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी दी। साथ ही उसे अपने और अपने दोस्तों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने बताया है कि आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में छह पहचाने गए लोगों और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों पर बार-बार बलात्कार, भारतीय न्याय संहिता के खिलाफ आपराधिक धमकी और इलेक्ट्रॉनिक रूप में अश्लील सामग्री के प्रकाशन या प्रसारण से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अमित शाह का बेटा बन विधायकों से 4 करोड़ मांगने के आरोप में 3 गिरफ्तार

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर पुलिस ने तीन युवकों को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया है। इन तीनों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे बनकर मणिपुर के कई विधायकों को फोन करने का आरोप है। आरोपियों ने विधायकों को सीएम बनाने के बदले चार करोड़ रुपये की मांग की थी।

मणिपुर में बीते महीने एन बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य के कई विधायकों को फोन आए, जिनमें फोन करने वाले ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह बताया और कहा कि अगर वे चार करोड़ रुपये दे दें तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है। जब पुलिस को इसकी शिकायत मिली तो जांच शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद तीन आरोपियों को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है और तीनों को इंफाल लाया गया। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के निधौरी कलां निवासी उवैश अहमद, दिल्ली के गाजीपुर निवासी गौरव नाथ और प्रियांशु पंत के रूप में हुई है।

## हरियाणा के नगर निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत, 10 में से नौ मेयर ने जीता चुनाव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

हरियाणा विधानसभा चुनाव में तीसरी बार जीत हासिल करने के पांच महीने बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को नगर निकाय चुनावों में शानदार जीत दर्ज की। उसने 10 नगर निगमों में से नौ में मेयर का चुनाव जीत लिया। पार्टी केवल मानेसर में जीत दर्ज नहीं कर पाई। गुड़गांव, फरीदाबाद, अंबाला, हिसार, करनाल, रोहतक, पानीपत, सोनीपत और यमुनानगर में बीजेपी उम्मीदवारों ने कांग्रेस को हराकर शानदार जीत दर्ज की।

हरियाणा चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, रोहतक और सिरसा में मेयर चुनाव में बीजेपी ने विजयी परचम लहराया। रोहतक में भाजपा के राम अवतार वाल्मीकि 45,198 मतों के अंतर से विजयी हुए। रामअवतार को 1,02,269 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार 57,071 वोट मिले हैं। वहीं सिरसा में बीजेपी के शांति स्वरूप 12,779 मतों से विजयी हुए। हरियाणा के हिसार में मेयर पद के लिए हुए चुनाव में बीजेपी के प्रवीण पोपली ने कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ 64,456 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। गुरुग्राम मेयर चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार राज रानी विजयी हुईं। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार सीमा पाहुजा को 1,79,485 वोटों के अंतर से हराया। वहीं फरीदाबाद मेयर चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की जीत हुई है।

## राजौरी जिले में एलओसी के पास हुई गोलीबारी में एक सैनिक घायल

**एजेंसी/जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास बुधवार को हुई गोलीबारी में एक भारतीय सैनिक घायल हो गया। घटना नौशेरा सेक्टर के कलसियां इलाके में स्थित एक अग्रिम चौकी पर हुई, जहां सैनिक अपनी ड्यूटी पर तैनात था। अधिकारियों के अनुसार, सीमा पार से हुई फायरिंग में जवान को गोली लगी, जिसके बाद उसे तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई। घायल सैनिक को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए उधमपुर के सैन्य अस्पताल ले जाया गया। सेना और सुरक्षा एजेंसियां इस हमले की विस्तृत जांच में जुट गई हैं। फायरिंग की यह घटना बिना किसी उकसावे के हुई, हालांकि इसके पीछे की मंशा को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इसी बीच, सुबह लगभग छह बजे नियंत्रण रेखा के बेहद करीब एक विस्फोट की खबर भी सामने आई।




### महाकुंभ और सनातन का दुष्प्रचार करने वाले विपक्षी नेताओं पर जमकर बरसे उप्र के मुखिया

## सीएम योगी बोले...एक दिन पूरी दुनिया पहनेगी भगवा

**एजेंसी/लखनऊ**

लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर महाकुंभ और सनातन का दुष्प्रचार करने वाले विपक्षी नेताओं पर हमला बोला। योगी ने कहा जो दुष्प्रचार में विश्वास करते हैं, याद रखिये उन्हें हमेशा विपक्ष में ही रहना है, उनमें नकारात्मक ही इसलिए भरी है, ये लोग क्या बोलेंगे शुद्धता के बारे में जो स्वयं नख से सिर तक अशुद्ध हों नकारात्मक हों, वे शुद्धता की दुहाई दे रहे हैं मां गंगा तो पवित्र हैं और पवित्र रहेगी।



पांचजन्य और ऑर्गेनाइजर समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने कहा महाकुंभ -2025, प्रयागराज का आयोजन दुनिया को भारत की सामर्थ्य और सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को प्रस्तुत करने व देश में उत्तर प्रदेश के बारे में जो धारणा थी, उसे बदलने का हम एक माध्यम मानते हैं और इसमें हम सफल रहे हैं। कहा कि महाकुंभ पर प्रश्न करने वाले लोग 2013 के आयोजन को पहले याद कर लें जो लोग हमारे स्वच्छ महाकुम्भ पर प्रश्न उठा रहे थे, प्रश्न यह उठता है कि वर्ष 2013 में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रयागराज पधारे थे, कुम्भ के आयोजन के साथ संगम में गए, वहां गंदगी, अव्यवस्था, कीचड़ देख कर उनकी हिम्मत नहीं हुई कि वे स्नान कर सकें। दूर से प्रणाम कर निकल गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था के साथ जिन्होंने भी खिलवाड़ किया उसे डूबना ही पड़ा उसके लिए इस धरती पर कोई जगह नहीं बची दुर्गति हुई है, उन्होंने कहा जो लोग भारत की सनातन संकृति पर विश्वास न कर षड्यंत्र करने वालों का महिमा मंडन कर रहे है उन्हें उसकी दुर्गति भी याद करनी चाहिए मानसिक रूप से विकृत व्यक्ति है औरंगजेब को अपना आदर्श बना सकता है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में राम मंदिर, महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद अगली योजना के बारे में पूछने पर योगी ने कहा इस बार बजट में हमने मथुरा वृन्दावन के लिए पैसा दे दिया है ये कार्य होंगे, उन्होंने कहा जब अवसर मिले तो चूकना नहीं चाहिए, उन्होंने कहा भगवा रंग उनकी और सनातन धर्म की पहचान है, और उन्हें इस पर गर्व है। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि एक दिन पूरी दुनिया भगवा पहनेगी।

# भांग खाकर सदन में आते हैं नीतीश कुमार, महिलाओं का करते हैं अपमान: राबड़ी

- 2005 से पहले आपके घर की महिलाएं कपड़ा नहीं पहनती थीं क्या वे नंगी रहती थीं
- नीतीश को सब कुछ 2005 से ही दिखता है, तो क्या वे उसी साल ऊपर से टपक गए



**केटी न्यूज/पटना**

पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेत्री राबड़ी देवी ने मौजूदा सीएम नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार सदन में भांग खाकर आते हैं और महिलाओं की बेइज्जती करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार 2005 से पहले के बिहार को लेकर की जा रही आपत्तिजनक टिप्पणियों से राज्य की जनता आहत है। राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री के उस बयान पर नाराजगी जताई जिसमें उन्होंने कहा था कि 2005 से पहले कोई कपड़ा पहनता था क्या, इस पर पलटवार करते हुए राबड़ी देवी ने कहा कि मैं राज्य सरकार और प्रधानमंत्री से पूछना चाहती हूं कि क्या 2005 से पहले आपके घर की महिलाएं कपड़ा नहीं पहनती थीं। क्या वे नंगी रहती थीं। सीएम नीतीश कुमार लगातार अमार्यादित भाषा का प्रयोग करते है। आखिर इनकी मंशा क्या है यह पूरी तरह से स्पष्ट करें।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फाइल खोलकर देंखे 2005 से पहले क्या कार्य हुआ था

राबड़ी देवी ने महिलाओं पर हो रहे बयान को घोर अपमानजनक बताया है। उन्होंने महिलाओं का अपमान करार दिया। राबड़ी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार बार-बार यह कहते हैं कि 2005 से पहले कुछ नहीं हुआ, लेकिन उन्हें फाइल खोलकर देखनी चाहिए कि बिहार में महिलाओं, पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए क्या-क्या काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर नीतीश कुमार को सब कुछ 2005 से ही दिखता है, तो क्या वे उसी साल ऊपर से टपक गए। क्या उनका राजनीतिक जीवन उससे पहले अस्तित्व में ही नहीं था। उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि पत्रकार अपने माता-पिता से पूछें कि 2005 से पहले लोग क्या बिना कपड़ों के रहते थे। बाजार-हाट नहीं जाते थे, व्यापार नहीं होता था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई ऐसी बातें केवल जनता की बुद्धिमत्ता का अपमान है। सदन में महिलाओं की दो बार की बेइज्जती, यह अस्वीकार्य है। इसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता देगी। राबड़ी देवी ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने सदन के भीतर दो बार उनका अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सदन में ऐसा व्यवहार न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि सभी महिलाओं के लिए अपमानजनक उदाहरण है। जबकि विधानसभा सबसे गरीमायम जगह होता है। जब यहां पर यह स्थिति है। अन्य जगह पर क्या होगा। उन्होंने नीतीश कुमार के व्यवहार को लोकतांत्रिक मूल्यों और गरिमा के खिलाफ बताया। महिलाओं के सम्मान की राजनीति करनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि बिहार की महिलाएं अब जागरूक हैं और ऐसे अपमानजनक बयानों को बर्दाश्त नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को जनता और विशेषकर महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। राबड़ी देवी के इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। विपक्ष ने इसे महिला विरोधी मानसिकता का प्रमाण बताया है, वहीं सत्ता पक्ष की ओर से फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## गाड़ी व ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर, बाल-बाल बचीं श्रेयसी सिंह

**केटी न्यूज/नालंदा**

नालन्दा में बिंद थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग पर बुधवार की शाम जहाना गांव के समीप बीजेपी के जमुई विधायक की गाड़ी व ट्रैक्टर में टक्कर हो गई। इस सड़क दुर्घटना में बाल-बाल भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह बच गई। उनके दो अंगरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही बिंद थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और विधायक कि गाड़ी के साथ जा रहे अन्य गाड़ी पर सवार लोगों व बिंद थाना लाया गया।

### भागलपुर जिले के शाहकुंड थाना क्षेत्र के दामोदर गांव में हुई घटना

# पति ने पत्नी को पीट पीटकर मार डाला, फिर खुद लगा ली फांसी

**केटी न्यूज/भागलपुर**




भागलपुर जिले के शाहकुंड थाना क्षेत्र के दामोदर गांव में मंगलवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पारिवारिक विवाद में पति ने पहले अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। फिर खुद पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है, वहीं गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान रवि रंजन सिंह उर्फ मुरारी (30) और उसकी पत्नी प्रीति कुमारी (25) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पांच साल पहले रवि रंजन की शादी छत्रपाल गांव की प्रीति कुमारी से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे। गांव वालों के मुताबिक, रिश्ते में तनाव लगातार बना हुआ था और आए दिन उनके झगड़े की आवाजें सुनाई देती थीं। मंगलवार की रात भी किसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई। जो धीरे-धीरे हिंसा में बदल गई। गुस्से में आकर रवि रंजन ने पत्नी की बेरहमी से पिटाई की। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की हत्या के बाद, रवि रंजन ने पास के बगीचे में जाकर फांसी लगा ली और अपनी जान भी दे दी। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक दंपती के परिजन और रिश्तेदार गहरे सदमे में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते किसी ने हस्तक्षेप किया होता तो शायद यह घटना टाली जा सकती थी। फिलहाल गांव में शोक का माहौल है और हर कोई इस त्रासदी से व्यथित है। घटना का पता अगले दिन सुबह तब चला, जब पड़ोसियों ने घर का दरवाजा बंद देखा और कोई आवाज न आने पर उन्हें शक हुआ। घर के अंदर पत्नी का शव और बगीचे में पति की लाश पेड़ से लटकी मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाहकुंड थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## हाजीपुर में दो किशोरों की पोखरा में डूबने से मौत

**वैशाली।** वैशाली के सहदेई थाना क्षेत्र के बाजीतपुर चकस्तूरी में एक पोखर में नहाते समय दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिवम कुमार (13) और आदित्य कुमार (17) के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब चार दोस्त पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। इसके बाद वे पोखर में नहाने चले गए। नहाते समय चारों दोस्त डूबने लगे। स्थानीय लोगों की मदद से दो युवकों - शिवा कुमार और संजीव कुमार को बचा लिया गया। लेकिन शिवम और आदित्य गहरे पानी में चले गए और डूब गए। शिवम कुमार देसरी स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ता था और दो भाइयों में सबसे छोटा था। आदित्य कुमार ने इसी साल मैट्रिक की परीक्षा दी थी और चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। घटना के बाद दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। जिला पार्षद उपेंद्र कुमार राय, मदन राय, विजय राय समेत कई प्रतिनिधि इस मांग से जुड़े हैं।

## किशनगंज में भीषण आग का कहर, दर्जनभर घर जलकर राख

**किशनगंज।** कोचाधामन थाना क्षेत्र में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। जहां आग लगने से करीब दर्जनभर घर जलकर राख हो गए हैं। घटना में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र के सोंथा-गुड़िया बस्ती में गांव में बीते देर रात्रि अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि गांव में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। जहां देखते ही देखते आग की लपटों ने दर्जनभर आवासीय घरों को जलाकर राख कर दिया है। जिसमें मवेशी घर, आवासीय घर, जलावन घर और पुआल के ढेर और कई कीमती सामान शामिल है। इधर आग लगने की सूचना कोचाधामन थाना और अग्निशमन विभाग को दी गई।



## दरभंगा में वर्दी में चल रही थी शराब पार्टी, चौकीदार निलंबित

**दरभंगा।** होली में शराब कारोबारी पर पैनी नजर रखने को लेकर पुलिस ने काफी तगड़ा इंतजाम करने की बात कही जा रही है। लेकिन चौकीदार खुद एक शराब पार्टी में शराब और चखना का मजा लेता दिखाई पड़ रहा है। इस चौकीदर की पहचान बहेड़ी थाना में पदस्थापित विजय पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वर्दी में दिख रहा चौकीदार विजय पासवान है और ये बहेड़ी थाना में पदस्थापित है। इस मामले को एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने गम्भीरता से लेते हुए दो चौकीदारों को निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने अंचल पुलिस निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन के आधार पर चौकीदार विजय पासवान महाल एवं अवधेश पासवान महाल चौकीदार अटहर दोनों थाना बहेड़ी को तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया है।

# मुजफ्फरपुर के बेला थाने से ही तस्कर को बेची गई जब्त शराब, थानेदार निलंबित

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**



जिले में शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ाने वाला मामला सामने आया है। विनष्टिकरण के लिए थाने में जमा की गई जब्त शराब तस्कर के पास बरामद होने के बाद हड़कंप मच गया। जांच में खुलासा होने पर देर रात वरिष्ठ अधिकारी बेला थाना पहुंचे और जांच के उपरांत एसएसपी ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया। दरअसल बेला थाना में पिछले एक वर्ष के दौरान जब्त की गई अवैध शराब की खेप का विनष्टिकरण किया जा रहा था। इसी दौरान करीब 17 कार्टन शराब तस्कर के पास बरामद हुई, जो थाना से ही निकाली गई थी। विशेष पुलिस टीम ने धीरनपट्टी इलाके में एक शराब तस्कर को पकड़ा, जिसके पास वही शराब मिली जो थाना में विनष्टिकरण के लिए रखी गई थी। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि उसने यह शराब बेला थाना से खरीदी थी, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।मामले की जानकारी मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि विनष्टिकरण का ठेका इलाके के ही एक सक्रिय तस्कर को दिया गया था, जिसने अपने लेबर के जरिए शराब के कार्टन थाने से बाहर निकालकर अपनी कार में लोड करवा लिए और फरार हो गया। हालांकि विशेष टीम ने उसे रास्ते में ही पकड़ लिया। जांच में यह भी पाया गया कि शराब विनष्टिकरण के दौरान मजिस्ट्रेट और थाना प्रभारी की उपस्थिति अनिवार्य थी, लेकिन बेला थानेदार रंजना वर्मा मौके पर नहीं थीं। इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि थाने में कार्यरत एक प्राइवेट मुंशी और शराब विनष्टिकरण कराने वाले ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। लापरवाही बरतने के आरोप में बेला थानेदार को निलंबित कर दिया गया है।






### 18वीं शताब्दी में मिथिलांचल के महान संत शिरोमणि लक्ष्मीनाथ गोसाईं ने की थी परंपरा की शुरुआत

# सद्भाव की अनूठी मिसाल है बनगांव की घुमौर होली

**केटी न्यूज/सहरसा**



बिहार की इस होली ने संजो रखी है बिहार की सांस्कृतिक धरती पर जब फाल्गुन की बयार बहती है, तो उसके साथ-साथ उमंग, उल्लास और सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करता है सहरसा जिले का बनगांव। जहां की घुमौर होली न सिर्फ एक पर्व है, बल्कि एक सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द का जीवंत प्रतीक भी है। जिले के कहरा प्रखंड के इस ऐतिहासिक गांव की होली में कंधों पर सवार होकर खेली जाने वाली अनोखी होली देशभर के लोगों को अपनी ओर खींचती है। बनगांव की होली को सामान्य होली से अलग पहचान दिलाता है इसका बल प्रदर्शन और प्रेम का अनूठा संगम, जो मानव श्रृंखला के रूप में देखने को मिलता है। लोग एक-दूसरे के कंधे पर सवार होकर न केवल उत्सव मनाते हैं बल्कि यह दृश्य सामाजिक सहयोग और अपनत्व की प्रतीक तस्वीर बनकर सामने आता है। इस अद्भुत परंपरा की शुरूआत 18वीं शताब्दी में मिथिलांचल के महान संत शिरोमणि लक्ष्मीनाथ गोसाईं ने की थी। तब से आज तक यह होली अपने मूल स्वरूप में निरंतर आगे बढ़ती जा रही है। मान्यता है कि यह परंपरा भगवान श्रीकृष्ण के काल से ही प्रेरित है। इसका अद्वितीय स्वरूप इसे ब्रज की लठमार होली की तरह प्रसिद्ध बना चुका है। बनगांव की गलियों में जब टोली निकलती है तो शरीर पर तेल, चेहरे पर मुस्कान और हृदय में प्रेम की भावना लेकर लोग एक-दूसरे के दरवाजे पर पहुंचते हैं। पांच प्रमुख स्थलों पर खेली जाने वाली यह होली भगवती स्थान तक पहुंचती है, जहां सबसे ऊंची मानव श्रृंखला बनती है। लोग भजनों, जोगीरा और फगुआ गीतों की गूंज के साथ वातावरण को रंगों से नहीं, भावनाओं से सराबोर कर देते हैं।इस उत्सव में न जाति का भेद होता है, न धर्म का बंधन। हिंदू-मुस्लिम सभी एक साथ इस होली में सम्मिलित होते हैं, यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। आईएएस, आईपीएस, सांसद, विधायक, व्यवसायी और प्रवासी ग्रामीण भी इस पर्व में भाग लेते हैं, जिससे यह उत्सव सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का भव्य उदाहरण बन जाता है। बुजुर्ग बच्चों को कंधे पर बैठाकर सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाते हैं, तो युवा बुजुर्गों को कंधे पर उठाकर आदर और उत्तरदायित्व का परिचय देते हैं। इस होली में जब लोग जे जीबे से खेले फाग और होरी हैड्ढ जैसे उद्घोष लगाते हैं, तो पूरा माहौल प्रेम, अपनत्व और एकता के रंग में रंग जाता है।




# सर्वश्रेष्ठ उत्पाद के लिए जिले के 18 किसान पुरस्कृत, चावल के लिए चंद्रभूषण को मिला पहला पुरस्कार

- आत्मा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का हुआ समापन



**केटी न्यूज/बक्सर**

बाजार समिति रोड स्थित संयुक्त कृषि भवन में बुधवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला का समापन किया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी अविनाश शंकर ने कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा विभिन्न योजनायें संचालित है, लेकिन जानकारी के अभाव में कृषक योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते है। इस परिस्थिति में आत्मा द्वारा आयोजित किसान मेला कृषक एवं कृषि व कृषि से सम्बद्ध विभाग का अद्वितीय समागम है, जिसमें जिले के कृषक योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर स्वयं के साथ-साथ अपने आस-पास के किसानों को भी लाभान्वित कर सकते है। किसान मेला में फल-फूल-सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के प्रगतिशील कृषक एक से बढ़कर एक उत्पाद लेकर प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सर्वश्रेष्ठ उत्पाद के चयन के लिए मूल्यांकन टीम द्वारा निर्णय के बाद 18 किसानों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया।

किसान मेला में किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान करने के उदेश्य से कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाया गया था, जिसमें भूमि संरक्षण विभाग, उद्यान विभाग, मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला, पौधा संरक्षण विभाग, कृषि यांत्रिकरण विभाग, कृषक उत्पादक संगठन, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), शिव बाग नर्सरी, मदन वाटिका नर्सरी सहित कई निजी प्रतिष्ठान अपने-अपने योजना एवं उत्पाद के साथ किसानों को जागरुक कर रहे थे।

कार्यक्रम में मंच संचालन अमान अहमद ने किया। वहीं किसान मेला का समन्वय आत्माकर्मी रघुकुल तिलक, चंदन कुमार सिंह एवं विकास कुमार राय द्वारा किया गया। मौके पर उप परियोजना निदेशक बेबी कुमारी, सहायक निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण संजूलता, सहायक निदेशक (कृ.अ.) आशीष कुमार, नवनियुक्त सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) संस्कृति बी मौर्या, सहायक निदेशक (एग्रोनॉमी) प्रियंका, राहुल वर्मा, सिंह प्रिया, अभय कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### मूल्यांकन के बाद इन प्रगतिशील किसानों का किया गया चयन

पुरस्कार के क्रम में सब्जी वर्ग में रविरंजन कुशवाहा, बक्सर पुष्पा देवी, सिमरी तथा वीरेन्द्र सिंह, सिमरी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, फल वर्ग में श्रीराम सिंह, चौसा, राजेश राय, डुमरॉव, बेबी देवी, बक्सर को एवं तृतीय, मोटा अनाज वर्ग में सुरेश सिंह, चक्की सर्वजीत यादव, चक्की, गामा प्रसाद, बक्सर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चुना गया। मशरुम वर्ग में दशरथ सिंह, सिमरी, चंदन कुमार सिंह, राजपुर, गणेश पाण्डेय, बक्सर, चावल वर्ग में चन्द्रभूषण राय, चौसा, मनोज कुमार वर्मा, चौंगाई व अमित सिंह, सिमरी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, अन्यान्य वर्ग में संजय राय, बक्सर, ललन राम, बक्सर, अरुण कुमार श्रीवास्तव, इटाढ़ी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावे फल-फूल-सब्जी प्रतियोगिता में शामिल सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान दिया गया।

## खबरें फटाफट

### शराब की खेप बरामद

**सिमरी।** स्थानीय थाने की पुलिस ने सुन्दरपुर मोड़ के समीप से 405 शीशी बंटी बबली शराब के साथ एक मोटरसाइकिल को जब्त किया हैं। हालांकि, धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कार्रवाई कि गई है। इसमें बाइक पर 405 शीशी देशी शराब बरामद हुआ है। पुलिस ने बाइक को जब्त किया व रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर तस्कर की शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

### डीलर संघ के पूर्व नगर अध्यक्ष की मौत

**डुमरांव।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की ने नगर के पूर्व डीलर चंद्रेव सिंह की मौत पर शोक सभा का आयोजन किया। डीलरों ने कहा कि स्व. चंद्रदेव सिंह अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन उन्होंने हमलोगों के भलाई के लिये जो काम किया, उसे भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद, उपाध्यक्ष ललन सिंह, शिवनारायण सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष हरेन्द्र पासवान, अन्नपूर्णा देवी, सुनील कुमार, सुभाष चंद्र राम, सिद्धनाथ सिंह, बैजनाथ सिंह, तारकेश्वर साह व अन्य मौजूद रहे।

## देवराढ़ के पास ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाले युवक की हत्या

# भोजपुर जिले के युवक की बगेन में मिली सिरकटी लाश, जांच को पहुंचे एसपी

- धनगाई थाना क्षेत्र के कुनई गांव का रहने वाला था मृतक
- मामले के उद्भेदन के लिए पहुंची एफएसएल व डॉग स्क्वायड की टीम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के बगेन थाना क्षेत्र के देवराढ़ गांव के बधार से एक युवक का सिर कटा शव बरामद हुआ है। युवक की उम्र 30 वर्ष के आस पास है। उसका शव गांव से बाहर गेहूं के खेत में पड़ा था।

सुबह में जब ग्रामीण टहलने के लिए खेत की ओर गए और सर विहिन शव पर नजर पड़ी तो ग्रामीण डर के मारे शोरगुल मचाने लगे जिससे पूरे गांव को इस घटना की जानकारी हुई, ग्रामीणों ने ही घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बगेन थाने की पुलिस देवराढ़ गांव पहुंच शव को कब्जे में ले जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं जानकारी मिलते ही एसपी शुभम आर्य, डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी भी घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए है। पुलिस ने मामले के उद्भेदन के लिए एफएसएल टीम व डॉग स्क्वायड का सहारा लिया है। एफएसएल टीम घटना स्थल से कई साक्ष्य इकट्ठा कर अपने साथ ले गई है। वहीं, डॉग स्क्वायड भी पहुंचा था, लेकिन देर शाम तक गायब सर का पता नहीं चला सका था।

**ईंट भट्ठा पर करता था काम :** स्वजनों ने बताया कि उमेश बगेन के पास ही एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। हालांकि, वह यहां कैसे पहुंचा, इस संबंध में कोई कुछ नहीं बता पा रहा है। पुलिस भी फिलहाल इस मामले में कुछ बताने से परहेज कर रही है। वैसे पुलिस सूत्रों का कहना है कि कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। ईंट भट्ठा पर काम करने वाले कामगर की हत्या पुलिस के लिए चुनौती बन गई है।

**आस पास के क्षेत्र में मची सनसनी :** युवक का सर विहिन शव मिलने की जानकारी के बाद देवराढ़ सहित आसपास के गांव में सनसनी मच गई है। ग्रामीणों में कई तरह की चचाएं हो रही है, प्रथम द्दष्टया लोग इस प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं, ग्रामीणों के बीच चचाओं का दौर जारी है।

**कहीं अन्यत्र हत्या कर शव फेंका :** सूत्रों का कहना है कि युवक की कही अन्यत्र हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए धड़ को देवराढ़ गांव के बधार में गेहूं के खेत में लाकर फेंक दिया गया होगा। यहीं, कारण है कि इस हत्याकांड की जानकारी आस पास के लोगों को नहीं लग सकी है। लोगों का कहना है कि शाम तक इस इलाके में किसानों का आवागमन होता है। ऐसे में यह वारदात मध्य रात्रि को ही हुई होगी। बहराल हत्याकांड के उद्भेदन तक कई ऐसे सवाल है, जो लोगों को चुभ रहे है। देखना है पुलिस इस मामले का कबतक खुलास कर पाती है।

**शाम तक नहीं दर्ज हुआ था एफआईआर :** इस मामले में शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। बगेन के प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वकर्मा यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्वजन भी साथ गए है। अभी तक स्वजनो ने इस मामले में आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

### घंटों प्रयास के बाद हुई पहचान

मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए सबसे पहले शव की शिनाख्त का प्रयास शुरू की गई। मृतक के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था तथा सर भी गायब था। इस कारण पुलिस को शिनाख्त में परेशानी हो रही थी। पुलिस ने पहचान के लिए इसकी जानकारी बक्सर तथा पड़ोसी भोजपुर जिले के थानों को दी। चार-पांच घंटे बाद युवक की शिनाख्त हो सकी। उसकी पहचान भोजपुर जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के कुनई गांव निवासी शिव प्रसाद चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र उमेश चौधरी के रूप में हुई। सूचना मिलने के बाद पहुंचे स्वजनों ने उसकी पहचान की।

### जल्द होगा उद्भेदन

“सर विहिन धड़ बरामद हुआ है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की गई। मामले के उद्भेदन के लिए एफएसएल टीम व डॉग स्क्वायड का सहारा लिया जा रहा है। पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान भी कर रही है। जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

**- शुभम आर्य, एसपी, बक्सर**

## चौसा स्टेशन पर अचेत मिली युवती की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

- प्रेम प्रसंग में जहरीला पदार्थ खाने की जताई जा रही है आशंका



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर अचेतावस्था में मिली युवती की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। वह, बुधवार की अहले सुबह चौसा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर अचेत पड़ी थी, यात्रियों की सूचना पर स्टेशन प्रबंधक ने इसकी जानकारी मुफस्सिल थाने को दी। सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई तथा कुछ घंटों के अंदर ही उसकी मौत हो गई।

युवती के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव निवासी रामाशंकर राजभर की 21 वर्षीय पुत्री शोभा कुमारी के रूप में हुई। पहचान होते ही पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल पहुंचे युवती के पिता रामाशंकर राजभर ने बताया कि उनकी बेटी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह मंगलवार शाम से लापता थी। वहीं, पुलिस इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने शोभा का मोबाइल छीन लिया था, जिससे वह परेशान थी। इसके बाद उसने घर छोड़ दिया और संभवतः किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पुलिस को घटनास्थल से कोई जहरीला पदार्थ नहीं मिला, लेकिन युवती की स्थिति को देखते हुए यही आशंका जताई जा रही है।

परिजनों ने युवती का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया तथा पुलिस को इस संबंध में लिखित भी दिया कि उन्हें पोस्टमार्टम नहीं कराना है। स्वजन बार बार युवती का मानसिक विक्षिप्त बता रहे थे। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस द्वारा यह पता लगाया जा रहा कि युवती स्टेशन तक कैसे पहुंची और क्या उसके साथ कोई और व्यक्ति था। पुलिस का कहना है कि आगे की जांच के लिए अन्य साक्ष्य जुटाए जाएंगे।

## क्षेत्र में कहीं भी पशु बीमार पड़ते हैं तो उनके इलाज के लिए आपको जाना होगा: निदेशक



**केटी न्यूज/डुमरांव**

पशुपालन की स्थिती जांचने के लिए बुधवार को पशुपालन विभाग के निदेशक नवदीप शुक्ला ने हरियाणा फार्म का निरीक्षण किया। उन्होंने फार्म में तीन घंटों तक दौरा किया और जानकारी ली।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पशुओं का विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही, क्षेत्र भ्रमण कर पशुपालन विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने वर्तमान समय में पशुपालकों के लिए संचालित योजनाओं और क्षेत्र में भ्रमण कर बीमार पशुओं का इलाज करने के संबंध में जानकारी ली।

पशुपालन विभाग के निदेशक ने सभी अधिकारियों और सहायकों की क्लास लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में कहीं भी पशु बीमार पड़ते हैं तो उनाक इलाज के लिए आपको जाना है। अब तो वाहन भी उपलब्ध हो गए हैं, इसलिए कोई परेशानी नहीं होगी। साथ ही, पशु को स्वस्थ रखने, उनका रख-रखाव आदि की सारी जानकारी पशुपालकों को देना है। इसके लिए पशुपलकों को प्रशिक्षित भी करना है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पशुधन सहायक और मैत्री का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। जो जमीन उपलब्ध है, उसका पशुधन के लिये उपयोग करना है, बंजर नहीं छोड़ना है।

## नियमों के पेंच एवं जीते हुए प्रतिनिधियों की वादाखिलाफी पर एकजुट हुए ग्रामीण

- विस्तारित क्षेत्र के लोग भी करने लगे होल्डिंग टैक्स का विरोध

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नगर में होल्डिंग टैक्स का विरोध तो पहले से ही हो रहा है, अब नगर के विस्तारित क्षेत्रों में भी यह तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को इसे मसले पर विस्तारित क्षेत्र में शामिल पुराना भोजपुर के ग्रामीणों ने बैठक कर विस्तारित क्षेत्रों में होल्डिंग टैक्स थोपने पर जबरदस्त आक्रोश जताया। स्थानीय लोग न सिर्फ नियमों के दांव पेंच बल्कि जीते हुए प्रतिनिधियों के वादाखिलाफी पर भी आक्रोशित थे।

सामाजिक मंच के बैनर तले आयोजित इस बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि नगर परिषद मनमानी कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रदीप शरण व संचालन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी ने किया। बैठक में होल्डिंग टैक्स को लेकर लागू डुमरांव नगर परिषद के नियमों को मनमाना बताया गया। समाजसेवी ने बताया कि विस्तारित क्षेत्र में 2021 से टैक्स निर्धारण कर वसूलने का यह नियम तुगलकी फरमान है। न तो जनता को नियमों की जानकारी दी गई, न ही होल्डिंग टैक्स का बारकोड लगाते हुए यह बताया गया कि क्या दरें निर्धारित है। मौके पर अनिल कुमार चौधरी, मुसाफिर सिंह, निर्मल केशरी, लालजी सिंह, राजीव नंदन सिंह, लक्ष्मण सैनी सहित 70 से अधिक लोग मौजूद रहें।







## डीटीओ ने स्कूल संचालकों के साथ बैठक में दी बच्चों के सुरक्षित परिवहन की जानकारी

# ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा से छात्र-छात्राओं को नहीं ढोएं प्राइवेट स्कूल संचालक: डीटीओ

- ईएसआई व एमवीआई को जांच करते रहने का दिया गया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में जिले के स्कूल संचालकों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने विद्यालय संचालकों को परिवहन नियमों तथा बच्चों घर से स्कूल तथा स्कूल से घर तक पहुंचाने के लिए सुरक्षित परिचालन के संबंध में कई आवश्यक जानकारियां दी तथा इसका पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिले सभी विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य व परिवहन प्रभारी मौजूद थे। यह बैठक जिला परिवहन कार्यालय में आयोजित हुई थी।

डीटीओ ने विद्यालय वाहन परिचालन नियम 2020 के मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि वाहन प्रभारी के साथ विद्यालय के संचालक निरंतर बैठक करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में परिचालित सभी वाहन विभागीय मानकों को पूरा करें, इसके बाद ही उन्हें बच्चों को ढोने की जिम्मेवारी दी जाए।

डीटीओ ने स्पष्ट कहा कि ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शा का उपयोग बच्चों को विद्यालय लाने व ले जाने के लिए नहीं करना है। यह सुरक्षित वाहन नहीं है, बल्कि बच्चों को चार पहिया वाहन से ही स्कूल लाना व ले जाना है। डीडीओ ने कहा कि विद्यालय स्तरीय समिति की बैठक नियमित रूप से कराना सुनिश्चित करेंगे।

वहीं, डीटीओ ने जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थापित सभी ईएसआई व एमवीआई को नियमित रूप से विद्यालय में परिचालित वाहनों की जांच करने एवं नियमों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक एवं विभिन्न विद्यालयों के संचालक या प्राचार्य उपस्थित थे।



# जबरदस्ती किसी को रंग नहीं लगाएं, होली में दें भाईचारे का संदेश: थानाध्यक्ष

- नया भोजपुर थाना में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह हुआ संपन्न

**केटी न्यूज/डुमरांव**



होली प्रेम व सौहार्द का त्योहार है, इस त्योहार पर सभी को भाईचारे का संदेश देना चाहिए तथा मिलजुलकर पर्व मनाना चाहिए। होली पर हुड़दंग फैलाने वालों तथा शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसा करने वालों की होली जेल में बितेगी। ये बातें नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह के दौरान कही।

थानाध्यक्ष ने कहा कि होली का त्योहार एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार है। इस त्योहार में नफरत फैलाने व मारपीट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी को भी जबरदस्ती रंग नहीं लगाना है। सार्वजनिक स्थलों पर होली खेलने से परहेज करना चाहिए। जितना हो सके शांति व खुशी से त्योहार मनाना चाहिए।

शांति समिति की बैठक में मौजूद डुमरांव सर्किल के इंस्पेक्टर श्रीनाथ ने भी लोगों से शांति व प्रेम से त्योहार मनाने तथा किसी को परेशान नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस मौजूद रहेगी। इस दौरान यदि कोई शरारत या साजिश करता दिखे तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करेगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि नियमो की अवहेलना व समाज में अशांति फैलाने वालों पर एफआईआर दर्ज किया जाएगा। इस बार होली को लेकर पुलिस महकमा काफी सख्त है। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों को प्रशासन द्वारा जारी किए गए गाइड लाइन से अवगत कराया गया और बताया गया कि होली में फूहड़ व द्विअर्थी गीत तथा डीजे नहीं बजाया जाएगा। वहीं, सदस्यों की मांग पर होली के दिन बिजली पानी की आपूर्ति निर्बाध गति से करने का निर्देश दिया गया। अंत में थानाध्यक्ष मनीष व इंस्पेक्टर श्रीनाथ ने सभी सदस्यों को गुलाल लगा होली की शुभकानाएं दी। समिति के सदस्यों के अलावे क्षेत्र के गणमान्य, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि, व्यापारी संघ के सदस्य और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ऐतिहासिक होगा महासंघ गोप गुट का 23वां राज्य सम्मेलन: प्रेम चन्द्र चक्रवर्ती



**डुमरांव।** ग्रामीण कार्य विभाग कर्मचारी संघ गोप गुट के डुमरांव अनुमंडल शाखा की एक अत्यावश्यक बैठक स्थानीय कार्यालय प्रांगण में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ग्रामीण कार्य विभाग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम चन्द्र चक्रवर्ती ने की व संचालन मन लाल यादव ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रेम चन्द्र चक्रवर्ती ने कहा कि महासंघ गोप गुट का 23वां राज्य सम्मेलन 10, 11, 12 अप्रैल को बक्सर नगर भवन में होगा। इस सम्मेलन को एतिहासिक रुप से सफल बनाना है। यह सम्मेलन पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, संविदा, मानदेय, आउटसोर्स कर्मियों की सेवा नियमित करने, स्कीम वर्कर कमीयों आशा, आंगनबाड़ी, रसोईया की सेवा नियमित करने, 44 श्रम कोड बहाल करने, ग्रामीण कार्य विभाग में लोकल व्यवस्था के तहत कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों की सेवा नियमित करने तथा विभाग में कार्यरत चालकों को नियमित करने के सवाल पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन बक्सर के लिए एतिहासिक होगा तथा इससे जिला में कर्मचारी आंदोलन को काफी मजबूती मिलेगी। बैठक में लवकुश सिंह, धर्मेंद्र कुमार चंचल, मोहम्मद साह फैसल, मुनि जी सिंह, रमेश राम, उपेंद्र यादव, मोहम्मद साजिर हुसैन, अमर कुमार वर्मा, मोहन राय, सुरेश सिंह, राम रामचंद्र रजक, हनुमान प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### बिहार सेंट्रल स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित



**बक्सर।** शहर के बाईपास रोड स्थित बिहार सेंट्रल स्कूल में बुधवार को बच्चों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन होली पूर्व स्कूल की छुट्टी के अवसर पर किया गया था। उक्त आयोजन के अवसर पर सीनियर एवं जूनियर वर्ग के बच्चे उपस्थित होकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं पुष्प की वर्षा कर होली खेले और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दिए। यह समारोह विद्यालय के सचिव सरोज सर के देखरेख में आयोजित किया गया था, जिसमें सभी वर्गों के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय सचिव सरोज सिंह ने कहा कि हम लोग प्रतिवर्ष होली के पूर्व स्कूल की छुट्टी के दौरान बच्चों के बीच होली मिलन का आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उदेश्य है कि बच्चे अध्यनरत है उनके अंदर आपसी समरसता एवं बंधुत्व की भावना का समावेश हो। जो एक स्वस्थ्य व सुंदर समाज का निर्माण कर सके। श्री सिंह ने कहा कि हमारे सभी पर्व त्यौहार यह संदेश देते है कि हमे समाज को स्वच्छ व स्वस्थ्य बनाना है तथा आपस में मिलजुलकर रहना है। मौके पर बच्चों ने एक दूसरे के ऊपर मंगल कामना के साथ पुष्प वर्षा की और गुलाल से अपनी प्रेम अभिव्यक्ति को एक दूसरे के साथ प्रकट किए। इस दौरान छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। छात्रों ने अपने शिक्षकों व सचिव के पैर पर गुलाल लगा उनसे आशीर्वाद लिया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### राजकीय अभियंत्रण कॉलेज में स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन



**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर में स्वास्थ्य उप केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य उप केंद्र के संचालन से राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के लगभग 800 छात्र छात्राएं, 52 प्रोफेसर, 100 से अधिक स्टाफ एवं परिवार के सदस्यों को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य उप केंद्र में सोमवार से शनिवार तक 01 जीएन एम की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रत्येक सप्ताह में गुरुवार एवं शनिवार के लिए एक चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईटाढी से एवं एक महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सर सदर से की गई है।उक्त अवसर पर प्राचार्य राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, प्रभारी सिविल सर्जन बक्सर, प्रखंड विकास पदाधिकारी बक्सर एवं अन्य उपस्थित थे।

## होली के मद्देनजर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को डीएम ने ब्रिफिंग के दौरान दिए निर्देश

# होली में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित, सद्भाव बिगाड़ने वालों की नहीं रहेगी खैर : डीएम

- पूर्व में जहां विवाद हुआ हो वहां बरतेंगे विशेष सतर्कता
- स्थिति का आंकलन करने खुद जाएंगे एसडीएम व डीएसपी

**केटी न्यूज/बक्सर**



होली पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए बुधवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग किया गया। डीएम ने बताया कि होलिका दहन 13 मार्च की रात्रि में जबकि होली 14 एवं 15 मार्च को निर्धारित है।

डीएम ने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट से कहा कि पर्व के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 13 मार्च शाम से 15 मार्च को स्थिति सामान्य होने तक आपकी प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएम ने बताया कि होली शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए 102 मजिस्टेज्ट व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जबकि 31 गश्ती मजिस्टेज्ट, दो जोनल दण्डाधिकारी व दो क्यूआरटी, नाव पर गशती के लिए पांच मजिस्टेज्ट की प्रतिनियुक्ति की गई है। जबकि जहाज घाट, बक्सर एवं बेयासी गंगौली मार्ग पर गंगौली से रेत मार्ग के पास अस्थायी चेक पोस्ट बनाया गया है।

**होली के साथ चल रहा है रमजान का महीना बरते विशेष सतर्कता :** जिलाधिकारी ने बताया गया कि होली के साथ-साथ रमजान का महीना चल रहा है। जिस कारण विशेष सर्तकता रखने की आवश्यकता है। डीएम ने कहा कि गत वर्षो में होली पर्व या अन्य कारणों से जिस स्थल पर विवाद उत्पन्न हुआ हो, वैसे स्थलों पर विशेष नजर रखनी है तथा एसडीएम व एसडीपीओ वहां अवश्य जायेंगे। इसके अलावे होली पर्व के अवसर पर अन्य शहरों एवं राज्यों से आने के कारण रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि पर भीड़ हो जाती है, ऐसे जगहों पर भी सतर्कता जरूरी है।

**डीजे संचालन पर पूर्णतः लगाएं रोक :** जिलाधिकारी ने कहा कि होली के हुड़दंग के दौरान अक्सर देखा जाता है कि डीजे बजाने को लेकर दो पक्ष या दो समुदायों के बीच विवाद हो जाता है। डीएम ने कहा कि इस बार राज्य सरकार ने होली में डीजे को प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में डीजे नहीं बजना चाहिए। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों से इस पर रोक लगाने का निर्देश दिया। वहीं, होली के नाम पर लोग एक दूसरे पर कीचड़, गोबर या पेन्ट फेकते हैं तथा एक-दूसरे के कपड़े फाड़ देते हैं जो विवाद का कारण होता है तथा कभी कभी विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

झुमटा जुलूस में महिलाओं के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़, जुलूस के दौरान साम्प्रदायिक विवाद उत्पन्न हो सकती है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को कड़ी नजर बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावे डीएम ने शराब तस्करी पर लगाम लगाने के लिए नाव व बाइक से गश्ती के अलावे चिन्हित जगहों पर ड्रोन से निगरानी करने को कहा। वहीं, सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बक्सर तथा डुमरॉव को साईबर सेनानी व्हाट्सप्प ग्रूप के माध्यम से नजर बनाये रखने का निर्देश दिया।

### होलिका दहन स्थल की जांच करें थानाध्यक्ष

डीएम ने कहा कि होलिका दहन के लिए चिन्हित स्थल को लेकर साम्प्रदायिक विवाद होने की संभावना बनी रहती है। इसके लिए पूर्व में ही स्थलों का निरीक्षण एवं सूचनाओं का संकलन किया जाना आवश्यक है। सभी थानाध्यक्ष इसका सख्ती से अनुपालन कराएंगे। जबकि होलिका दहन के क्रम में आग लगने, लटकते एवं नंगे तारो के कारण कभी दुर्घटना घट सकती है। इसके लिए कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, बक्सर को लटकते एवं नंगे तारों की मरम्मति कराने का निर्देश दिया गया। जिला अग्निशामन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी से होलिका दहन के लिए चिन्हित स्थल की सूची प्राप्त करते हुए दुर्घटना से बचाव के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

# आपसी भाईचारा को बढ़ाता है होली का पर्व, मिटता है जाति धर्म का भेद: प्रमुख



**केटी न्यूज/केसठ**

नावानगर प्रखंड प्रमुख अंकित यदुवंशी ने अपने निजी आवास पर बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी व गणमान्य उपस्थित हुए। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

प्रमुख ने कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जो एक दूसरे के बीच के गिले शिकवे को मिटा देता है। लोग वैमनस्यता को भुलाकर हमेशा भाईचारगी बनाएं रखने का वादा करते है। इस पर्व को सभी भाई मिलकर भाईचारगी के साथ मनाते है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सैकड़ों लोगों को पगड़ी से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि युवा समाज का रीढ़ होता है, इसलिए युवाओं को बिना किसी भेद भाव के एक साथ मिल कर रहने की आवश्यकता है। तभी एक स्वच्छ समाज का निर्माण हो पाएगा। मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# होली का पर्व बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में जिले में दो दिवसीय फगुआ उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके उद्घाटन स्थानीय नगर भवन में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि फगुआ उत्सव होली पर्व के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। भारत में होली पर्व विशेष रूप से उत्तर भारत के राज्यों में मनाया जाता है। यह पर्व यह बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक होता है। इस उत्सव का धार्मिक महत्व भी है, क्योंकि इसे भगवान कृष्ण और राधा की लीला से भी जोड़ा जाता है। साथ ही यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी माना जाता है।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि आज के इस उत्सव में विभिन्न राज्यों के कुल 45 कलाकारों के दल द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। पहले दिन फगुआ उत्सव में निम्न प्रस्तुति दी गई। इनमें हरियाणा के दीपक एवं दल लोक नृत्य-फाग, घूमर एवं पनिहारी पर प्रस्तुति दी। वहीं, औरंगाबाद के डॉ. रवीन्द्र कुमार एवं दल ने बिहार के द्वारा होली गायन, झिझिया पर प्रस्तुति दी। साथ ही, राजस्थान की खुशबू पारीक एवं दल के द्वारा चारकुला, ब्रज, लोक नृत्य-मयूर व फूलों की होली पर प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों द्वारा जट जटिन पर प्रस्तुति दी गई। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से विभिन्न कार्यक्रमों एवं महोत्सव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।




## अधिवक्ता संघ ने आयोजित किया होली मिलन समारोह, शामिल हुए न्यायिक पदाधिकारी

# होली रंगों का है पर्व, यह प्रेम, भाईचारे और समाज में एकता का संदेश देता है: जिला जज

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला अधिवक्ता संघ की ओर से बुधवार को कोर्ट परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगा पारंपरिक होली का आनंद लिया तथा एक दूसरे को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल वकिलों व न्यायिक अधिकारियों ने पारंपरिक होली गीत भी गाई और होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया। रंग-बिरंगे गुलाल की वर्षा से पूरा कोर्ट परिसर रंगीन हो गया और हर ओर होली के उल्लास का नजारा देखने को मिला। पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति ने समां बांध दिया और सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह ने होली के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि होली न केवल रंगों का पर्व है, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और समाज में एकता का संदेश भी देता है। उन्होंने न्यायाधीशों, न्यायकर्मी एवं अधिवक्ताओ को इस त्योहार को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की सलाह दी तथा संघ के अध्यक्ष बबन ओझा व महासचिव विन्देश्वरी प्रसाद पांडेय उर्फ पप्पू पाण्डेय ने संयुक्त इस अवसर पर सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और एकता का प्रतीक भी है। यह पर्व समाज को जोड़ने व आपसी रिश्तों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। एडीजे सह विशेष मद्य निषेध कोर्ट प्रथम देवराज, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम मानस कुमार वत्सल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम कमल कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दस राकेश कुमार, मुंसिफ प्रथम हर्षवर्धन सिंह, कोर्ट नंबर पंचम कुमार नारुन, अधिवक्ता शशिकांत उपाध्याय, उमेश कुमार सिंह, कामोद सिंह, अनिल ठाकुर व अन्य मौजूद रहे।



# बोले सांसद... किसान विरोधी राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति का प्रारूप वापस लो

**केटी न्यूज/आरा**

लोकसभा में शून्यकाल ने आरा सांसद सुदामा प्रसाद राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति का नीति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक किसान एकता और आंदोलन के सामने हार का सामना करने के बाद, मोदी सरकार अब राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति के मसौदे के नाम पर अस्वीकृत तीन कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से लाने की कोशिश कर रही है। वह किसान आंदोलन जिसने तीन कृषि कानूनों को रद्द करवाया, वह भी मोदी सरकार को नहीं रोक सका, जो अब पिछले दरवाजे से उन्हीं रद्द किए गए कानूनों को फिर से लागू करने पर आमादा है। राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति का प्रारूप राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति रूप रेखा एक और चाल है जिसके माध्यम से रद्द किए गए कृषि कानूनों को दोबारा थोपने का प्रयास किया जा रहा है। इससे एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है – किसानों को क्या चाहिए, इसका फैसला करने का अधिकार किसे है। यदि नीति ही समाधान है, तो किसानों के संगठनों से सलाह-



मशविरा किया जाना चाहिए था, उनके सुझावों को ध्यान में रखा जाना चाहिए था, और इस राष्ट्रीय नीति के मसौदे को तैयार करने में उनकी भागीदारी अनिवार्य होनी चाहिए थी। राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति का मसौदा सुधारों का रोडमैप होने का दावा करता है, फिर भी यह गुप्त रूप से 2020 के रद्द किए गए कृषि कानूनों को फिर से लागू करने की कोशिश करता है। यह नीति एपीएमसी को कमजोर करती है, राज्य के अधिकारों को सीमित करती है और कॉरपोरेट के वर्चस्व को बढ़ाती है, जिससे पुराने कानूनों को नए रूप में फिर से लाने का प्रयास किया जा रहा है। यह अत्यंत आवश्यक है कि मोदी सरकार इस नीति को तुरंत वापस ले और यह सुनिश्चित करे कि खेती लाभकारी बनी रहे तथा उत्पादन का स्वामित्व किसानों और उनकी सामूहिक शक्ति के हाथों में ही रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा शुरू किया गया टैरिफ युद्ध हमारे किसानों के लिए हानिकारक साबित होगा। एक विकासशील देश के रूप में भारतीय कृषि को जो लाभ मिल रहे थे, वे अब अमेरिकी उत्पादों के सामने समाप्त हो जाएंगे।

# हेमन ट्रॉफी में रोहतास ने बक्सर को दो विकेट से हराया

**केटी न्यूज/आरा**

बिहार क्रिकेट संघ और भोजपुर क्रिकेट संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सीनियर हेमन ट्रॉफी अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के नौवें मुकाबले में बुधवार को रोहतास ने बक्सर को दो विकेट से हरा दिया। महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर हुए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जो पूरी तरह से गलत साबित हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बक्सर की टीम 30 ओवरों में 102 रन ही बनाकर आउट हो गई। रोहतास टीम के गेंदबाज शुभम ने शानदार बॉलिंग करते हुए छह विकेट चटकाये। वहीं अंशु ने तीन विकेट और सिद्धार्थ ने एक विकेट लिया। महज 102 रनों के छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहतास की टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी की। महज 10.4 ओवर में ही जीत के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

## जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला के समीप हुई थी मुठभेड़

# एनकाउंटर में जख्मी कुख्यात छोटू मिश्रा की 48 घंटे बाद मौत, हंगामा

- सड़क पर शव को रखकर परिजन कर रहे है हंगामा, पुलिस ने लोगों भांजी लाठी
- भाग रहे छोटू मिश्रा को पुलिस ने मारी थी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ के दौरान जख्मी हुए कुख्यात अपराधी छोटू मिश्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। छोटू मिश्रा ने सोमवार को एक प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारकर भागने की कोशिश की थी, जिसके बाद पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में उसे पैर में गोली लग गई थी। गंभीर हालत में उसे पटना रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह मुठभेड़ जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला के समीप हुई थी। मृत अपराधी नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला निवासी जय प्रकाश सिंह का बेटा था।मौत के बाद परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया है, हंगामा कर रहे लोगों की पुलिस के साथ नोंकझोंक हुई, जिसके बाद प्रशासन ने परिजनों को लाठियों से पिटाई की और शव को सड़क से खींचकर सदर अस्पताल के अंदर ले चली गई। जानकारी के अनुसार, 9 मार्च रविवार की देर शाम जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव के समीप कौरा गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर पप्पू सिंह को बाइक सवार छोटू मिश्रा और बिपुल तिवारी गोली मारकर भाग रहे थे। जिसकी सूचना जगदीशपुर थाना पुलिस को मिली थी कि अपराधी नयका टोला के तरफ भाग रहे थे।जिसके बाद पुलिस के जवाबी फायरिंग में छोटू मिश्रा के दाहिने जांघ में दो गोली लगी थी। जख्मी हालत में दोनों अपराधियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया । जहां दोनों का इलाज कराया जा रहा था। जहां उसकी मौत हो गई है। वहीं, अपराधी की मौत के बाद आक्रोशित परिजन और समर्थकों ने शव के साथ आरा सदर अस्पताल के बाहर शव को सड़क के बीचों बीच रखकर हंगामा कर रहे है।



### पिता ने कहा... मुझे भी मार दो, जी कर क्या करूंगा

मृत अपराधी के पिता जय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि उनका बेटा अपने दोस्त के साथ अपने गांव रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के मधुकरपुर जा रहा था। जख्मी हालत में बेटा ने बताया था कि जाने के क्रम में कौरा गांव के समीप कार सवार पप्पू सिंह ने उनके बाइक में टक्कर मार दी थी, जिसके बाद गाली-गलौज हुआ।जब वो आगे नयका टोला की ओर जा रहा था, तभी जगदीशपुर के पुलिस अफसर ने उसके बाइक में टक्कर मार दी। बाइक से गिरने के बाद उनके द्वारा पैर में गोली मार दी। जय प्रकाश ने बताया कि मेरी पत्नी शैला देवी को पुलिस ने गोली मार दी थी, जिसका कोई कसूर नहीं था। पुलिस अधीक्षक से यही मांग है कि मुझे पकड़कर मार दे, मैं जीकर क्या करूंगा।

# अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार राजमिस्त्री को रौंदा, मौके पर मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के झौवां गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप मंगलवार की शाम अज्ञात वाहन ने काम कर वापस लौट कर घर वापस लौट रहे साइकिल सवार राज मिस्त्री को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के झौवां गांव वार्ड नंबर 7 निवासी स्व.अनंत राम का 42 वर्षीय पुत्र राज किशोर राम है एवं वह पेश से राजमिस्त्री था। इधर मृतक के भतीजे करण कुमार ने बताया कि मंगलवार को बस साइकिल से राजमिस्त्री का काम करने के लिए बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवानिया गांव गए थे मंगलवार की शाम जब काम कर वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया।



जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए बेलवानिया निजी अस्पताल से आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया।

# रंगों में सराबोर हुआ वीकेएसयू, होली मिलन की रही धूम

- विश्वविद्यालय में 13 से 15 मार्च तक होली को लेकर अवकाश रहेगा

**केटी न्यूज/आरा**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय बुधवार को रंगों में सराबोर हो गया। विवि के प्रशासनिक भवन, पीजी विभाग और कॉलेजों में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी अबीर-गुलाल से रंगे दिखे। विवि के कतीरा स्थित प्रशासनिक भवन सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। मौके पर कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, कुलसचिव प्रो रणविजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवारुल हक अंसारी, प्रॉक्टर डॉ लालबाबू सिंह, डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ कुंदन कुमार सिंह, डॉ अवध बिहारी, डॉ किस्मत कुमार सिंह, संतोष कुमार तिवारी, सहित सभी अधिकारी, पीजी हेड, प्रोफेसर मौजूद रहे। सभी ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर धूमधाम से होली का पर्व मनाया। वीसी प्रो चतुर्वेदी ने सभी को बधाई दी। इधर, विवि परिसर में विद्यार्थियों की अलग - अलग टोली भी होली का आनंद उठाते नजर आई। छात्र और छात्राएं चेहरे पर रंग गुलाल लगाकर सेल्फी भी लेते नजर आये।वहीं कॉलेजों में भी होली मिलन मना। 15 मार्च तक अवकाश वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय समेत इसके अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत और संबद्ध कॉलेज अब 17 मार्च को खुलेंगे। 13 से 15 मार्च तक तक होली को लेकर अवकाश रहेगा। इस तरह अब विवि और कॉलेज 17 मार्च को खुलेगा। अंतिम दिन रही चहल-पहल बुधवार को प्रशासनिक भवन और पीजी विभागों में चहल-पहल रही। विवि के पीजी विभाग और कॉलेजों में छात्र-छात्राओं में उत्साह दिखा।

## एसएस कॉन्वेंट स्कूल का 15वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

# डीएम ने स्कूली छात्रों से कहा... बनाए रखें आत्मविश्वास, यही है सफलता की ताकत

**केटी न्यूज/बक्सर**

एस एस कॉन्वेंट स्कूल कृतपुरा का 15 वां वार्षिकोत्सव बुधवार को मनाया गया। विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएम अंशुल अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। पूरे आयोजन में सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करने वाले कार्यक्रम 'राम सिया राम', 'अपना बिहार' और 'आईगिरी नंदिनी' मंत्र पर प्रस्तुत बंगाली पारंपरिक नृत्य रहे। अपना बिहार, नृत्य-संगीत प्रस्तुति ने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत किया, जबकि राम सिया राम की भक्ति भावना से ओतप्रोत प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।




मुख्य अतिथि डीएम अंशुल अग्रवाल ने अपने संबोधन में छात्रों के सांस्कृतिक और रचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने अपने जन्म स्थान कोटा, राजस्थान का उदाहरण देते हुए वहां की मानसिक स्थिति से गुजरने वाले छात्रों द्वारा उठाए जाने वाले गलत कदमों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हर छात्र अद्वितीय होता है और उसमें कुछ न कुछ विशेष होता है। असफलता से डरने के बजाय हमें खुद पर विश्वास रखना चाहिए और आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने एसएस कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों की रचनात्मकता और कला के प्रति झुकाव को देखते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे सही दिशा में आगे बढ़ते हैं। प्रधानाध्यापक और निदेशिका ने व्यक्त किए विचार स्कूल के प्रधानाध्यापक त्रिलोचन कुमार ने 15वें स्थापना दिवस की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि एसएस कॉन्वेंट स्कूल सिर्फ एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला है। यहां शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी महत्व दिया जाता है। बच्चों ने आज जिस तरह अपनी कला और संस्कृति को प्रस्तुत किया, वह सराहनीय है। उन्होंने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं, स्कूल की निदेशिका वंदना राय ने कहा कि हर बच्चा अपने आप में एक अनमोल रत्न है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें कला, संस्कार और सामाजिक चेतना का समावेश भी जरूरी है। कार्यक्रम ने साबित कर दिया कि हमारे बच्चे न सिर्फ पढ़ाई में, बल्कि कला और संस्कृति में भी अव्वल हैं।







## संक्षिप्त समाचार

### राज्य में धीरे-धीरे चढ़ेगा पारा, सताएगी गर्मी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है। आज मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। हालांकि सुबह और शाम में बादल छाए रह सकते हैं। होली पर आसमान में आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन सुबह और शाम बादल छाए रह सकते हैं। हालांकि तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान में अगले पांच दिनों तक वृद्धि होने के संकेत दिए हैं। होली पर भी आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। झारखंड में सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा का रहा। यहां का तापमान मंगलवार को 38 l3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं सबसे कम तापमान गढ़वा में 13 l6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 31 l8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1 l4 डिग्री अधिक तथा 24 घंटे में एक डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 17 l9 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 2 l1 डिग्री सेल्सियस अधिक तथा 24 घंटे में 1 l3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

### अमन साव एनकाउंटर: बाबूलाल मरांडी बोले- कानून को चुनौती देने वाले का यही हश्र होगा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मंगलवार को मुठभेड़ में मारा गया। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस की ओर से एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए। वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस मामले में सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि डीजीपी पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि जेल से सबकुछ संचालित हो रहा है तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। आप अमन साव को कस्टडी में ला रहे थे तो फिर एनकाउंटर की बात कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि सीबीआई से मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अमन साव को सुरक्षा में ला रहे थे। आप उसे पकड़ने नहीं गये थे। जब कोई क्राइम करके दौड़ के जाता है और तब उसको मारा जाता है तो उसे एनकाउंटर कह सकते हैं। जब सारी सुरक्षा के बीच लाया जा रहा था तब एनकाउंटर हुआ तो यह जांच का विषय है। इसकी जांच होनी चाहिए।

### पीवीयूएनएल ने 800 मेगावाट की इकाई को ग्रिड से जोड़ा

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड की ऊर्जा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। पतरातू सुपर थर्मल पावर फेज-1 प्रोजेक्ट की पहली 800 मेगावाट यूनिट को मंगलवार को सफलतापूर्वक ग्रिड से जोड़ दिया गया। यह मील का पत्थर भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीवीयूएनएल के सीईओ आर। के। सिंह ने इस सफलता के लिए पीवीयूएनएल, एनटीपीसी और बीएचईएल की टीमों के अटूट प्रयासों, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने प्रोजेक्ट, ओ एंड एम, कमीशनिंग, सर्विसेज विभागों, सहयोगियों, सहायक कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के योगदान को भी मान्यता दी ?, जिन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीवीयूएनएल का अगला लक्ष्य इकाई एक के लिए इस वित्तीय वर्ष के भीतर वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करना है। इसके अलावा, कंपनी वित्तीय वर्ष 2025-26 में फेज-1 की बची हुई दो इकाइयों के कमीशनिंग के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे भारत की विद्युत उत्पादन क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि रणनीतिक योजना, सहयोग और समर्पण का प्रमाण है। हम राष्ट्र के लिए स्थायी और कुशल ऊर्जा प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। वही उन्होंने एनटीपीसी के सीनियर मैनेजमेंट और जेबीवीएनएल के सहयोग के लिए भी धन्यवाद किया।

# एसएन तिवारी ने लगाया आरोप तो भड़के मंत्री

## बोले- बर्दाश्त नहीं करेंगे, सदन में जमकर हुई तूतू मैंमैं



**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। गढ़वा के भाजपा विधायक एसएन तिवारी ने पथ निर्माण विभाग के सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप मढ़ दिया।

इसपर सत्तापक्ष की तरफ से जोरदार पलटवार हुआ। राज्य सरकार के मंत्री डा। इरफान अंसारी इसपर भड़क गए।

उन्होंने ललकारते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने राज्य को 18 साल लूटा है। पथ निर्माण सचिव के कामकाज पर ऊंगली उठाया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। पथ निर्माण विभाग पर उंगली उठाने की उनकी हिम्मत कैसे हुई? यह विभाग स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कार्य कर रहा है और पूरे राज्य में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिसे भाजपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को तो सरकार के विकास कार्यों की सराहना करनी चाहिए। भाजपा के नेता अब सवाल उठा रहे हैं, लेकिन जब उनकी सरकार थी, तब वे कहां थे? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा लगातार ग्रामीण विकास विभाग को बदनाम करने का प्रयास कर रही थी।

उन्होंने कहा कि अगर कोई एक व्यक्ति गलती करता है तो इसका दोष पूरे विभाग पर नहीं मढ़ा जा सकता। बिना किसी सबूत किसी अधिकारी पर आरोप लगाना उचित नहीं है।

वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विभागीय सचिव का टेंडर कमेटी से कोई लेनादेना नहीं है। इसके बाद तिवारी ने कहा कि रुपया मंत्री यानी वित्त मंत्री हैं आप। इसपर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह सहित अन्य सत्तापक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि भाजपा विधायक सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

उन्होंने विधायक से अपने कथन का सबूत सदन में रखने की मांग की। कहा कि सदन के सबसे वरीय सदस्य है। यह रुपया मंत्री क्या होता है। इसके बाद स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने बीच-बचाव करते हुए मामले को शांत कराया। विधायक राजेश कच्छप ने रुपया मंत्री कहे जाने को सदन की कार्रवाई से हटाने कीमांग की। इसके बाद भाजपा के सभी नेता सदन से बाहर निकल गए। विधायक प्रदीप यादव ने सड़क दुर्घटना पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि देश में करीब 1।5 लाख लोग हर साल सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हो जाते हैं।

इसमें 80 प्रतिशत दुर्घटना शराब पीकर गाड़ी चलाने से हुई है। राज्य के आकड़े भी चौकाने वाले हैं। वर्ष 2022-24 में राज्य में 3659 लोगों की मौत हुई है। जिसमें 70 प्रतिशत हादसे शराब पीकर गाड़ी चलाने से हुई है। इसको रोकने के लिए ब्रेथएनलाइजर सहित अन्य उपकरणों से जांच की जानी चाहिए। जिस तरह से केंद्र सरकार ने सड़क हादसे में 50 प्रतिशत कटौती करने का लक्ष्य निर्धारित की है। उसी तरह राज्य सरकार को भी लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करना चाहिए।उन्होंने राजस्व वसूली प्रक्रिया में सुधार करने का सुझाव देते हु कहा कि अभी दो हजार करोड़ के राजस्व की वसूली हो रही हैं। लेकिन डीटीओ और एमवीआइ डेपुटेशन पर हैं। इसमें सुधार किया जाए तो राजस्व के रूप में पांच हजार करोड़ मिलेगा।

# आईएएस छवि रंजन को सीने में दर्द की शिकायत, रिम्स में कराए गये भर्ती

**रांची, एजेंसी।** 2011 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस छवि रंजन की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज विभाग के एचओडी डॉ हेमंत नारायण की देखरेख में चल रहा है। उनके ब्लड के सैंपल लिए गए हैं। कई तरह की जांच कराई जा रही है।

कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी के अनुसार आईएएस छवि रंजन को हॉल्टर मशीन लगाया गया है। 24 घंटे की रिपोर्ट के आधार पर कोर्स ऑफ ट्रीटमेंट तय होगा। शुरुआती जांच के आधार पर बताया गया है कि खतरे वाली कोई बात नहीं है। उनका इलाज रिम्स के पेइंग वार्ड में चल रहा है।

रांची के तत्कालीन डीसी रहे छवि रंजन को अवैध रूप से जमीन की खरीद बिक्री मामले में 4 मई 2023 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। उनको रांची के करम टोली के पास सेना की जमीन और चेशायर होम रोड पर एक प्लॉट के अवैध तरीके से खरीद बिक्री के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में 13 अप्रैल 2023 को ईडी की टीम ने बड़गाई अंचल से जुड़े राजस्व कर्मचारी के साथ-साथ अन्य के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान जमीन के फर्जी डीड और कई कागजात बरामद हुए थे।

बरियातू में सेना की 4।55 एकड़ जमीन को फर्जी कागजात के जरिए कोलकाता के प्रदीप बागची ने जगत बंधु टी एस्टेट को बेच दी थी। इस जमीन की सरकारी दर 20 करोड़ 75 लाख 84200 रुपये थी, लेकिन बिक्री महज सात करोड़ में दिखायी गई। उसमें भी 25 लाख रुपये प्रदीप बागची के खाते में आए थे। बाकी पैसों के चेक के जरिए भुगतान की जानकारी डीड नंबर 6888/2021 में दी गई थी। लेकिन ईडी ने जब चेक के जरिए भुगतान की जांच की तो पता चला कि खातों में पैसे गए ही नहीं हैं।

# गढ़वा में हेमंत सोरेन की ये सौगात नहीं देने पर ससुरालवालों ने बेरहमी से मार




**रंका (गढ़वा), एजेंसी।** झारखंड की महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए हेमंत सोरेन की सरकार ने मंईयां सम्मान योजना शुरू की है, लेकिन यह योजना एक महिला के लिए जानलेवा साबित हुई। गढ़वा जिले के रंका थाना के मानपुर गांव निवासी खुर्शीद अंसारी की पत्नी शकीना बीबी (25 वर्ष) की हत्या उसके ससुरालवालों ने कर दी। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

शकीना बीबी के खाते में सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना के 7500 रुपये भेजे गये थे। सोमवार को उस राशि को निकाल कर शकीना जब घर लौटी तो उसके पति खुर्शीद अंसारी, सास रोजनी बीबी और दादी सास नजमा बीबी उससे पैसे मांगने लगे। शकीना ने पैसे देने से जब इनकार किया, तो तीनों उस पर जबरन दबाव बनाने लगे। इस पर शकीना ने पांच सौ रुपये अपने पति को दिए। इस पर वे लोग नहीं माने और पूरे पैसे देने की मांग करने लगे। पैसे नहीं देने पर घर में विवाद बढ़ गया।

सोमवार की शाम के करीब सात बज उन तीनों ने शकीना की जमकर पिटाई की। इसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद साक्ष्य छुपाने के लिए घर से बाहर बांस के बीच फंदे से लटका कर आत्महत्या का रूप दे दिया। जानकारी मिलने पर बेटी के ससुराल पहुंचे शकीना के पिता रोज मोहम्मद अंसारी ने रंका थाने में इस घटना की प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी। इस पर रंका थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति खुर्शीद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# के राजू के बयान पर भाजपा ने पूछा, कांग्रेस में कौन है हमारा स्लीपर सेल? झारखंड में मचा सियासी घमासान



**रांची, एजेंसी।** के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू के द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार दिए जा रहे हैं बयान पर उनको घेरा है। प्रभारी के राजू लगातार झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी के इस बयान ने पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है।अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। प्रदेश प्रभारी को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल कांग्रेस में कौन है?

ऐसा बयान देकर प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से कांग्रेस का झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है।

सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाले के आरोपित रांची के एडीएम विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक एवं अनिल कुमार यादव को राहत नहीं दी है।

अदालत ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। तीन मार्च को दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। दोनों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 27 फरवरी को याचिका दाखिल की थी। मामले में अब तक अदालत ने 29 आरोपितों को अग्रिम राहत देने से इन्कार किया है।

झारसुगुड़ा जिला कांग्रेस कमेटी ने राज्य में लगातार बढ़ रही महिलाओं पर हिंसा को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन झारसुगुड़ा जिला कलेक्टर को सौंपा।इससे पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुब्रत प्रधान के नेतृत्व में स्थानीय बेहरामल किसान चौक से एक विरोध रैली निकाली गई। जो कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विरोध सभा में तब्दील हो गई।उक्त सभा में कांग्रेस पार्टी के नेता ने ओडिशा राज्य में महिलाओं पर बढ़ रही हिंसा के खिलाफ मोहन सरकार की आलोचना की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ढेंकानाल, संबलपुर, राउरकेला, बलांगीर के खैरापल्ली, कोरापुट के लक्ष्मीपुर, भद्रक के बेतदा, देवगढ़ और बरगढ़ में धनुयात्रा के दौरान महिलाओं के साथ हुए बलात्कार से राज्य के लोगों में आक्रोश है।मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि 2023 में राज्य में 2826 व 2024 में 3054 बलात्कार के मामले दर्ज हुए है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा के लिए गृह विभाग जिम्मेदार है।

ओडिशा में वर्तमान मोहन सरकार में मुख्यमंत्री स्वयं गृह राज्य मंत्री रहे हैं, एक व्यक्ति के अधीन एक निश्चित विभाग था, जो विभाग लोगों का रक्षक होने के बजाय भक्षक बन गया है।

# देवघर से पटना और रांची की फ्लाइट बंद, दिल्ली फ्लाइट को लेकर भी आया बड़ा अपडेट



**देवघर, एजेंसी।** देवघर से पटना और देवघर से रांची के बीच सप्ताह में तीन दिन चल रही उड़ान सेवा बंद हो गई है। कारण पैसेंजर का नहीं मिलना बताया जा रहा है। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत उड़ान में एटीआर की सेवा शुरू हुई थी।यह सेवा एयरपोर्ट के शुभारंभ के दिन ही 12 जुलाई 2022 को शुरू हुई थी। सरकार तीन साल तक जहाज चलाने के लिए प्रोत्साहित करती है। अनुदान देती है, ताकि छोटे शहर को बड़े शहर से जोड़ा जा सके।किराया पटना और रांची का दो हजार के आसपास रहा, लेकिन 76 सीटर एटीआर में इंडिगो को पूर्ण रूप से यात्री नहीं मिले। यही वजह रही कि एक मार्च से देवघर से पटना और देवघर से रांची के बीच की उड़ान सेवा बंद करनी पड़ी। इंडिगो के देवघर एयरपोर्ट मैनेजर ने इसकी पुष्टि की है।उन्होंने कहा, सीट के हिसाब से पैसेंजर नहीं मिल रहे थे। दूसरा आरसीएस की अवधि भी पूरी हो गयी थी। अब केवल कोलकाता-देवघर के बीच उड़ान सेवा है। यहां यात्री रेगुलर मिल रहे हैं।

होली से पहले फाइनल हो जाएगा, दिल्ली की शाम वाली फ्लाइट का स्लॉट। देवघर एयरपोर्ट से 30 मार्च को दिल्ली की दूसरी उड़ान भरने की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। अब केवल स्लॉट का इंतजार है। इंडिगो कंपनी के सूत्रों की मानें तो होली से पहले वह फाइनल हो जाएगा।

सांसद ने शाम में शुरू होने वाली फ्लाइट की खुशखबरी का पहले ही एलान किया है। एक स्थान के लिए दो फ्लाइट की सुविधा से देवघर के बाजार, एम्स, बाबा मंदिर में पूजा कर शाम को लौट जाने की ख्वाहिश रखने वाले को बुकिंग शुरू होने का इंतजार है।कम विजिबिलिटी में यात्री विमान के देवघर एयरपोर्ट पर लैंडिंग करने की घोषणा के बाद ही अब रात्रि में देवघर-दिल्ली विमान सेवा शुरू हो रहा है। मार्च में यह सेवा शुरू हो रही है। दिल्ली-देवघर के बीच दो फ्लाइट हो जाएगी।

सांसद डॉ। निशिकांत दुबे ने अपने एक्स टिवटर हैंडल पर 25 फरवरी को पोस्ट भी किया था। देवघर एयरपोर्ट से 30 मार्च से दिल्ली के लिए शाम में भी सुविधा मिलेगी।दिल्ली से यह विमान शाम 5¬30 में उड़ान भरेगा और देवघर एयरपोर्ट पर शाम सात बजे लैंड करेगा। आधा घंटा बाद 7¬40 मिनट पर देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरेगा और रात 9¬30 में दिल्ली पहुंचेगा। बता दें कि यह दूसरी फ्लाइट भी इंडिगो की ही होगी।

जानकारी हो कि देवघर में महज 550 मीटर विजिबिलिटी में विमानों की लैंडिंग होगी। इस तरह देवघर बिहार-झारखंड का इकलौता एयरपोर्ट हो गया है। रनवे पर 900 मीटर तक कैट वन एप्रोच लाइट लगाया गया है। अभी पटना और रांची एयरपोर्ट के रनवे पर 900 मीटर कैट वन एप्रोच लाइटिंग नहीं है।

# गिरिडीह पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

## साइकिल लेनदेन के विवाद में साथियों ने ले ली थी जान




**गिरिडीह, एजेंसी।** पुलिस ने हत्या के एक मामले का खुलासा किया है। शख्स की हत्या डंडे से पीट-पीट कर की गई थी। गिरिडीह पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त डंडा और खून से सना एक गमछा भी बरामद किया गया है। आरोपियों में एक वृद्ध और दो युवक शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में पचम्बा थाना क्षेत्र के मनिकलालो निवासी हरि लाल दास, बसंत कुमार दास और सोमर दास शामिल है। आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि एसपी डॉ। बिमल कुमार ने की है।

दरअसल 4 मार्च को पचम्बा थाना क्षेत्र के बुढ़वा तालाब के समीप डुमरी थाना इलाके के ससारखो निवासी उमेश दास की लाश मिली थी। जानकारी मिलने पर पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंचे तो देखा कि मृतक के चेहरे पर चोट के गंभीर निशान हैं। उन्होंने मामले की सूचना एसपी को देते हुए मृतक के परिजनों को सूचित किया। मृतक के घरवाले पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

बाद में मृतक के भाई राजदेव दास ने हत्या की आशंका जताते हुए थाना में आवेदन दिया था। हत्या की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एसपी डॉ। बिमल ने कांड के उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-2) कौशर अली के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की थी। टीम में इंस्पेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी राजीव कुमार के अलावा अवर निरीक्षक सोनू कुमार वर्मा, प्रशांत कुमार सिंह, आरक्षी अमरजीत सिंह और बाबूधन हांसदा को शामिल किया गया।

साइकिल की लेनदेन में हत्या

पुलिस की जांच में हत्या के पीछे मृतक का साथियों के साथ विवाद सामने आया। इसके बाद पुलिस कड़ी को जोड़ते हुए आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में हत्या में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। एसपी डॉ। बिमल कुमार ने कहा कि अभी तक यह बात साफ हुई है कि इनके बीच आपसी मनमुटाव चल रहा है। साइकिल लेनदेन की बात सामने आई है। अभी आगे की जांच चल रही है। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

# पलामू के हुसैनाबाद अनुमंडल के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा ठप, धरने पर बैठे चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी

**पलामू, एजेंसी।** चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडल के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा ठप रही। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया और दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की। हालांकि इस दौरान आपातकालीन सेवा जारी रही।

**अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों ने दिया धरना :** स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सक से दुर्व्यवहार के विरोध में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर, बुलंद बिगहा, अधौरा, बेगमपुरा, मंजूराहा के साथ-साथ सभी 25 स्वास्थ्य उप केंद्रों में ओपीडी सेवा ठप रही। चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर परिसर में धरना दिया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने सरकार से चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करने और दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

**ऐसे हालात में इलाज करना मुश्किल: डॉ ज्योतिष :** इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ज्योतिष कुमार ने बताया कि आये दिन चिकित्सक और कर्मियों पर हमले हो रहे हैं। इस परिस्थिति में मरीजों का इलाज करना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के मरीज पहले नीम-हकीम के पास इलाज कराते हैं। स्थिति बिगड़ जाने के बाद उन्हें सरकारी अस्पताल भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को नीम-हकीम के झांसे में नहीं आना चाहिए।

**घटना काफी निंदनीय: डॉ पीएन सिंह :** वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पीएन सिंह ने कहा कि सोमवार की घटना काफी निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सुरक्षा कानून लागू किया है तो उसपर अमल भी होना चाहिए। चिकित्सकों पर आज भी हमले हो रहे हैं। उन्हें सुरक्षा नहीं मिलती है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**क्या कहते हैं सिविल सर्जन :** इस संबंध में पलामू के सिविल सर्जन डॉ। अनिल कुमार ने बताया कि महिला की तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे पहले नीम-हकीम के क्लिनिक में भर्ती कराया था। स्थिति बिगड़ने के बाद उसे सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि हालात बिगड़ने के बाद भी अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक ने उसे बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।



**नीम-हकीम के चक्कर में न पड़ें लोग :** सिविल सर्जन ने आम लोगों से नीम-हकीम से इलाज नहीं कराने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नजदीक के सरकारी अस्पताल में पहुंच कर चिकित्सक की सलाह लें और उचित जगह इलाज कराएं। उन्होंने कहा कि महिला की मौत मामले की जांच कर संबंधित नीम- हकीम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

**अवैध क्लिनिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई :** उन्होंने कहा कि पलामू में इस तरह के अयोग्य लोगों के क्लिनिकों में छापेमारी कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले से कार्रवाई की जा रही है। कई अवैध क्लिनिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि कोई चिकित्सक जानबूझकर किसी की जान के साथ खिलवाड़ नहीं करता है। उन्होंने कहा कि उसे बचाने में अपनी जान लगा देते हैं। उन्होंने कहा कि हड़ताल पर गए चिकित्सक और कर्मियों के साथ वार्ता कर जल्द ओपीडी सेवा बहाल कराने का प्रयास कर रहे हैं।

स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि सोमवार की शाम अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर बवाल काटा। साथ ही चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद हुसैनाबाद एसडीओ, एसडीपीओ सहित पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत कराया।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, सोमवार की शाम हुसैनाबाद के बुधुआं गांव निवासी 23 वर्षीय महिला शगुफ्ता खातून को हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन 20 मिनट के अंदर ही महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए। स्थिति को देखते हुए चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने सुरक्षा की दृष्टि से खुद को कमरे में बंद कर लिया। इधर, परिजन अस्पताल में हंगामा करने लगे।

स्वास्थ्य कर्मियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक और कर्मियों से कमरे का दरवाजा खुलावाया। इस बीच भी ग्रामीण काफी आक्रोशित दिखे। पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। पदाधिकारियों ने परिजनों से शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा। लेकिन परिजन राजी नहीं हुए।

## सुभाषितम्

माया मरी न मन मरा, मर मर गये शरीर। आशा तृष्ना ना मरी, कह गये दास कबीर? - कबीर

## 80000 करोड़पतियों ने छोड़ी भारत की नागरिकता

**भारत सरकार की गलत नीतियों के** कारण पिछले कुछ वर्षों में 80000 से अधिक कारोबारी और पूंजीपति भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता ले चुके हैं। भारत से गए लोग विदेशी नागरिकता के साथ-साथ भारतीय धन को विदेशी मुद्रा के रूप में विदेश में निवेश कर रहे हैं। 2023 में भारतीय निवेशकों ने दुनिया के देशों में 7.07 बिलियन डॉलर का निवेश किया था। 2024 में बढ़कर यह 11.05 बिलियन डॉलर हो गया है। भारतीय कारोबारी और पूंजीपति भारत छोड़कर विदेश में बस रहे हैं। इस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। भारत में लगभग 2.50 लाख अरबपति थे। इनमें से 80000 भारत से बाल - बच्चों के साथ पलायन कर चुके हैं। इसके बाद भी सरकार ने अपनी तरफ से कोई चिंता नहीं की। इतने बड़े पैमाने में लोग भारत छोड़कर क्यों जा रहे हैं। अमेरिका में एच 1 वीजा लेने की हमेशा होड़ लगी रहती है। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 200 करोड रुपए निवेश करने वाले अरबपतियों को अमेरिका का गोल्ड कार्ड जारी करने की बात कही है। गोल्ड कार्ड से अमेरिका की स्थाई नागरिकता मिलेगी। एक और अमेरिका भारत के अरबपतियों को नागरिकता देने के लिए तैयार है। वहीं भारत से जो गरीब नौकरी और रोजगार के लिए वहां पर गए हुए हैं। उनके वीजा को निरस्त करके उन्हें भारत वापस भेजने की तैयारी कर रहा है। ऐसे लोगो की संख्या 7.50 लाख से ज्यादा है। रोजगार और नौकरी की तलाश में जो भारतीय गैर कानूनी तरीके से वहां गए थे। अमेरिका की सरकार उन्हें हथकड़ी लगाकर उन्हें भारत वापस भेज रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है, भारत सरकार इसको जानने की जहमत भी नहीं उठा रही है भारत की पूंजी विदेश में निवेश हो रही है। विदेशी निवेशकों ने भारत में जो निवेश किया था, वह मुनाफा वसूली के साथ भारतीय बाजार से कमाई करके विदेश ले जा रहे हैं। जिसके कारण भारत का शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था बुरी तरह से गड़बड़ा गई है। भारत में अडानी - अंबानी और कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों के लिए भारत में अलग कानून हैं। सरकार उनके ऊपर हर तरह से मेहरबान है। पिछले 10 वर्षों में मध्य - उच्च वर्ग के लोग भारत से अपना कारोबार बंद करके विदेश की नागरिकता ले रहे हैं। वहॉ पर करोणों - अरबों रुपया निवेश कर कारोबार कर रहें हैं। 2014 के बाद से भारतीय न्यायपालिका में जो निर्णय आ रहे हैं। वह सरकार के पक्ष में आ रहे हैं। अडानी-अंबानी के पक्ष में सारे निर्णय होते हुए दिख रहे हैं। सरकार की कार्यवाही के विरोध में जो भी लोग न्यायपालिका की शरण में गये, उन्हें न्यायपालिका से राहत नहीं मिली। जिस तरह से ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, जीएसटी और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति न्यायपालिका का जो रुख रहा है। उससे भारतीय कारोबारियों एवं नागरिकों में निराशा फैली। जिस तरह से जांच एजेंसियों ने डर और भय का माहौल बनाया है। मीडिया को जिस तरह से रौंदा गया। एनडीटीवी जैसा चैनल सरकार और न्यायपालिका से न्याय की आस में गुहार लगाता रहा, न्याय तो मिला नहीं, उल्टे शेयर बाजार की नियामक संस्था सेबी ने एनडीटीवी के खिलाफ कार्यवाही कर अडानी के पक्ष में फैसला कर दिया। इस कार्यवाही से यह संदेश गया, भारत में मीडिया स्वतंत्र नहीं है। इसके बाद भारत में डर और भय का बड़ी तेजी के साथ माहौल बना। रही - सही कसर चुनाव आयोग ने पूरी कर दी है। जिसके कारण भारतीय उद्योगपति और कारोबारी भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता लेने लगे। इससे भारत को दोहरा नुकसान हो रहा है। भारत की पूंजी विदेश में निवेश हो रही है। भारतीय अरबपति नागरिक विदेश में शरण ले रहे हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के रोजगार समाप्त होतें जा रहे हैं। देश में बेरोजगारी बड़ी तेजी के साथ फैल रही है। रही - सही कसर कर्ज ने पूरी कर दी है। आम आदमियों के सिर पर इतना कर्जा हो गया है, वह किस्त नहीं चुका पा रहा है। अपने घर का खर्च और बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इससे ज्यादा भयानक स्थिति क्या हो सकती है। रूस और यूक्रेन के बीच में युद्ध चल रहा है। इजराइल और फिलीस्तीन के बीच युद्ध चल रहा है। युद्ध के बीच भारत के लोग मजदूरी करने के लिए रूस यूक्रेन इजराइल इत्यादि देशों में जा रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### जीव परमेश्वर की परा शक्ति

**जीव परमेश्वर की परा प्रकृति** (शक्ति) है। अपरा शक्ति तो पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि तथा अहंकार जैसे विभिन्न तत्वों के रूप में प्रकट होती है। भौतिक प्रकृति के ये दोनों रूप-स्थूल (पृथ्वी आदि) तथा सूक्ष्म (मन आदि) अपरा शक्ति के ही प्रतिफल हैं। जीव जो अपने विभिन्न कार्य के लिए अपरा शक्तियों का विदोहन करता रहता है, स्वयं परमेश्वर की परा शक्ति है और यह वही शक्ति है जिसके कारण सारा संसार कार्यशील है। इस दृश्य जगत में कार्य करने की तब तक शक्ति नहीं आती, जब तक परा शक्ति अर्थात जीव द्वारा यह गतिशील नहीं बनाया जाता। शक्ति का नियंत्रण सदैव शक्तिमान करता है, अतः जीव सदैव भगवान द्वारा नियंत्रित होते हैं। जीवों का अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। वे कभी भी सम शक्तिमान नहीं, जैसा कि बुद्धिहीन मनुष्य सोचते हैं। श्रीमद्भागवत में जीव तथा भगवान के अन्तर को इस प्रकार बताया गया है- परम शात! यदि सारे देहधारी जीव आप ही की तरह शात एवं सर्वव्यापी होते तो वे आपके नियंत्रण में न होते। किन्तु यदि जीवों को आपकी सूक्ष्म शक्ति के रूप में मान लिया जाए, तब वे सभी आपके परम नियंत्रण में आ जाते हैं। अतः वास्तविक मुक्ति आपकी शरण में जाना है और इस शरणागति से वे सुखी होंगे। परमेश्वर कृष्ण एकमात्र नियन्ता हैं और सारे जीव उन्हीं के द्वारा नियंत्रित हैं। सारे जीव उनकी पराशक्ति हैं, क्योंकि उनके गुण परमेश्वर के समान हैं, किन्तु वे शक्ति की मात्रा के विषय में समान नहीं हैं। स्थूल व सूक्ष्म अपरा शक्ति का उपभोग करते हुए परा शक्ति (जीव) को अपने वास्तविक मन तथा बुद्धि की विस्मृति हो जाती है। इसका कारण जीव पर जड़ प्रकृति का प्रभाव है।

# रंग बिरंगी होती है राजस्थान में होली

रमेश सर्राफ धमोरा



**होली का त्यौहार हर साल पूरे** भारत में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में भी ठीक उसी तरह होली मनाई जाती है। होली जिसे मूल रूप से होलिका के नाम से जाना जाता है। केवल एक आधुनिक उत्सव नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति में गहराई से अंतर्निहित एक सदियों पुरानी परंपरा है। इसके शुरूआती संदर्भ जैमिनी के पूर्वमीमांसा-सूत्र और कथक-गृ-सूत्र जैसे प्राचीन धार्मिक कार्यों में पाए जा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि होली आर्य सभ्यता में मनाई जाती थी। होली वसंत ऋतु की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। होली महोत्सव की विशिष्ट तिथि हर साल अलग-अलग हो सकती है, क्योंकि यह हिंदू कैलेंडर में फागुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है। भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं।

मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जातीहैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं। राज्य के डूंगरपुर जिले की होली सबसे अनोखी मानी जाती है। यहां वांगड़वासी होली के एक महीने पहले ही तैयारियों में जुट जाते हैं और होली के खुमार में मस्त हो जाते है। होली के दिन जिले के कोकापुर गांव में लोग होलिका के दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलने की परंपरा आज भी निभाते है। लोगों का मानना है कि होलिका दहन के अंगारों पर चलने से घर में कोई भी विपदा नहीं आती है। डूंगरपुर के भीलूड़ा में पिछले 200 साल से धुलंडी पर लोग पत्थरमार होली खेल रहे है। लोग रंगों के स्थान पर पत्थर बरसा कर खून बहाने को होली के दिन शगुन मानते है। इस दिन भारी संख्या में लोग रघुनाथ मंदिर परिसर में दो टोलियां बनाकर एक दूसरे पर पत्थर बरसाना शुरू कर देते है। इस खेल में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया जाता है। इसके अलावा मथुरा के लगता जिला होने के चलते भरतपुर और करौली के नंदगाव में लोग आज भी लट्ठमार होली खेलते है। शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

शेखावाटी में होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। शेखावाटी अंचल में होली पर कस्वों में विशेष रूप से गींदड़ नृत्य किया जाता है। गुजराती नृत्य गरवा से मिलता-जुलता गींदड़ नृत्य में काफी लोग विभिन्न प्रकार की चिताकर्षक वेशभूषा में नंगाड़े की आवाज पर एक गोल घेरे में हाथ में डंडे लिए घूमते हुए नाचते हैं तथा आपस में डंडे टकराते हैं। प्रारम्भ में धीरे-धीरे शुरू हुआ यह नृत्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ता जाता है। इसी रफ्तार में डंडों की आवाज भी टकरा कर काफी तेज गति से आती है तथा नृत्य व आवाज का एक अद्भुत दृश्य उत्पन्न हो जाता है। लोगों का कहना है कि अगर होली के त्यौहार से लोक वाद्य चंग और धमाल को निकाल दिया जाये तो होली का त्यौहार बेजान हो जायेगा। ग्रामीण चंग और धमाल को होली पर्व की आत्मा मानते है। आज ये परम्परा धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है। पहले यहां होली का त्योहार प्यार के साथ मनाया जाता था, सब साथ मिलकर चंग पर धमाल गाते थे लेकिन आजकल वो सब खत्म सा हो गया है। क्षेत्र में बढ़ते शराब के प्रचलन के कारण लोग रात्रि में घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं तथा गांवों में भी पहले की तरह सामंजस्य नहीं रहा। इसके अलावा ऑडियो कैसेटों के बढ़ते प्रचलन से भी इस लोक पर्व को कृत्रिम सा बना दिया है। कैसेटों की वजह से पर्व की मौलिकता ही समाप्त होने जा रही है। यदि समय रहते होली पर व्याप्त हो रही कुरीतियों व शराब के चलन की समाप्ति का प्रयास नहीं किया गया तो यह पर्व अपना मूल रूप खो बैठेगा।

# अमेरिका ने वैश्विक आर्थिक नीतियों पर लिया यू टर्न

प्रहलाद सबनानी

**विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक** भारत के पूंजी (शेयर) बाजार से अपना निवेश अक्टोबर 2024 माह से लगातार निकाल रहे हैं। फरवरी 2025 माह में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34,574 करोड़ रुपए (397 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से निकाला गया है। वर्ष 2025 में अभी तक 137,000 लाख करोड़ रुपए (1,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निकाला जा चुका है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं। सबसे पहिले तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर में आई गिरावट एक मुख्य कारण रही इसके बाद सितम्बर 2024 तिमाही में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में आई कमी को दूसरे कारण के रूप में देखा गया। परंतु अब तो अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति श्री ट्रम्प के प्रशासन द्वारा टैरिफ के संदर्भ में की जा रही नित नयी घोषणाओं को भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में आयात किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ की दर को बढ़ा दिया गया है और अब यह घोषणा भी की जा रही है कि भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों के आयात पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तरह ही अमेरिका भी इन समस्त देशों से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर 2 अप्रेल 2025 से टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प प्रशासन का तो यहां तक कहना है कि भारत अपने देश में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर तो 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अब अमेरिका भी भारत से अमेरिका में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा। इससे बहुत सम्भव है कि भारत के फार्मा क्षेत्र, ऑटोमोबाइल क्षेत्र, इंजीनीयरिंग क्षेत्र एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़े।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारत के शेयर बाजार में किये गए निवेश का पोर्टफोलियो लगभग 20 प्रतिशत गिर गया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को यह आभास हो रहा है कि इसमें अभी और गिरावट आ सकती है अतः विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश अभी भी लगातार निकाल रहे है। दूसरे, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय बाजार तुलनात्मक रूप से महंगे लग रहे हैं क्योंकि चीन एवं कुछ अन्य देशों की कम्पनियों के शेयर इन देशों के शेयर बाजार में सस्ते में उपलब्ध हैं। अमेरिका में बांड यील्ड के उच्च स्तर (4.75 प्रतिशत से भी ऊपर) जाने के चलते भी अमेरिकी पोर्टफोलियो निवेशक भारत से अपना निवेश निकाल कर चीन, अमेरिका एवं अन्य इमर्जिंग बाजारों में निवेश कर रहे हैं। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होते जाने से भारतीय रुपए पर लगातार दबाव बना हुआ है एवं भारतीय रुपए का अवमूल्यन हुआ है। हाल ही के समय में एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य भारत के लगभग 88 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, इससे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारत के शेयर बाजार में होने वाली आय भी कम हुई है एवं उनकी लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सितम्बर 2024 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय कम्पनियों में किए गए निवेश का पोर्टफोलियो 40,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो आज गिरकर 30,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा गया है। इसमें 25 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज की गई है। 2 अप्रेल 2025 से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत पर रेसिपरोकल टैरिफ लगाए जाने की घोषणा के चलते अभी भी भारतीय पूंजी बाजार पर लगातार दबाव बना रह सकता है। हालांकि, इसी समय में भारतीय संस्थागत निवेशक एवं खुदरा (रीटेल) निवेशक भारतीय कम्पनियों के शेयरों में भारी मात्रा में निवेश कर रहे हैं इसीलिए भारतीय शेयर बाजार बहुत अधिक नहीं गिरा है। परंतु फिर भी, भारतीय शेयर बाजार में माहौल तो बिगड़ ही रहा है। अभी तक तो विकसित देशों द्वारा वैश्वीकरण की नीतियों के आधार पर अपनी आर्थिक नीतियां बनाई जा रही थीं एवं विश्व के अन्य विकासशील देशों पर यह दबाव बनाया जा रहा था कि वे भी इन नीतियों का अनुपालन करते हुए विश्व के विकसित देशों के लिए विकासशील देश अपने द्वार खोलें ताकि इन देशों के संस्थागत निवेशक विकासशील देशों के पूंजी बाजार में अपना निवेश बढ़ा सकें। जबकि आज, विशेष रूप से अमेरिका, वैश्वीकरण की नीतियों को धत्ता बताते हुए केवल अपने देश को प्रथम स्थान पर रखकर वैश्वीकरण की नीतियों के संदर्भ में यू टर्न लेता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश के लिए टैरिफ को अंधाधुंध बढ़ाना दुधारी तलवार की तरह है। जिस भी देश में भारी मात्रा में टैरिफ बढ़ाए जा रहे हैं उस देश के नागरिकों पर निश्चित रूप से इन उत्पादों के महंगे होने के चलते भारी बोझ पड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है। क्योंकि, टैरिफ बढ़ाए जाने वाले देश में आयात की जा रही वस्तुओं के महंगे होने का खतरा बढ़ता है जिससे उस देश में मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि होती है और आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़ती जाती है। अमेरिका की देखा देखी अब रूस ने भी चीन से आयात किए जा रहे चारपहिया वाहनों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। चीन ने, आज रूस के 3/4 ऑटोमोबाइल बाजार पर अपना कब्जा कर लिया है। चीन ने हालांकि रूस में चार पहिया वाहनों के निर्यात के मामले में पश्चिमी देशों को झटका देते हुए अपना निर्यात रूस में बढ़ाया है। शुरू शुरू में तो रूस को यह सब अच्छा लगा परंतु अब उसे महसूस हो रहा है कि किसी भी उत्पाद के आयात के मामले में केवल एक देश पर निर्भरता उचित नहीं है। अतः अब रूस ने चीन से आयात किए जाने वाले चारपहिया वाहनों पर टैरिफ लगाना प्रारम्भ कर दिया है। साथ ही, रूस अब अपने देश में ही चारपहिया वाहनों का उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयों की स्थापना करना चाहता है ताकि रूस में ही रोजगार के नए अवसर निर्मित हो सकें।

## बदजुबान नेताओं का करें बहिष्कार?

तनवीर जाफरी

**भारत को विश्व के सबसे बड़े** लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है। लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें लोग अपने चुने हुए प्रतिनिधियों को वोट देकर एक ऐसी सरकार चुनते हैं जिस में सभी को समान अधिकार होते हैं। लोकतंत्र समानता, भागीदारी, और मौलिक अधिकारों के सिद्धांतों पर आधारित होता है। संक्षेप में एक लोकतान्त्रिक सरकार जनता की सरकार होती है जो जनता द्वारा,जनता के लिये चुनी जाती है। परन्तु प्रायः यही देखा गया है कि जनता की सेवा के नाम पर चुनावी पोस्टर, बैनर्स व कटआउट में हाथ जोड़े हुये वोट मांगते दिखाई देता नेता चुनाव जीतने के बाद जनता का प्रतिनिधि नहीं बल्कि जनता का बॉस बना नजर लगता है। सरकारी सुरक्षा, स्वागत, फूल-माला, जयजयकार, भाषणबाजी, अपने परिजनों व चेलों को फायदा पहुँचाना, जमकर लूट खसोट करना, दबंगई व चौधर दिखाना मंत्री बनने की जुगत भिड़ाना, यदि मंत्री हैं तो मुख्यमंत्री पद के लिये लालायित रहना उज्जवल राजनैतिक भविष्य की खातिर दल बदल की संभावनाओं को तलाशना आदि इसी तरह की समाजसेवा में माननीय के 5 वर्ष बीत जाते हैं। और जनता 5 वर्षों बाद जब स्वयं को ठगा महसूस करती है तो ज्यादा से ज्यादा उसकी जगह किसी दूसरे का चुनाव कर लेती है। और वह भी अपने पूर्ववर्ती के नक़्शे कदम पर चलने लगता है। माननीयों द्वारा जनता की जरूरतों से मुंह मोड़ने और सारा ध्यान अपनी जरूरतों को पूरा करने में लगाने का ही नतीजा है देश में बढ़ती बेरोजगारी,मंहगाई,विकास बाधित होना,बिजली पानी सड़क स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतें समुचित तौर से आम जनता तक न पहुँच पाना और अराजकता व कानून व्यवस्था जैसी समस्याओं का लगातार बढ़ते जाना। और जब यही स्थिति अनियंत्रित होने लगती है उस समय यही शातिर नेता जनता से वोट झटकने के लिये तरह तरह के हथकंडे अपनाते हैं। समाज को धर्म व जातियों के आधार पर विभाजित करते हैं। क्षेत्र व भाषा जैसे भावनात्मक मुद्दे उछाल कर सस्ती लोकप्रियता अर्जित करते हैं,मंदिर मस्जिद जैसे विवादों को पहले खड़ा करते हैं फिर इसे हवा देते हैं। वैज्ञानिक युग में अवैज्ञानिक तर्क देकर लोगों का ध्यान भटकते हैं। और इसी शातिर सियासत का ही एक पहलू यह भी है कि नेताओं द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये तरह तरह की मुफ़्त योजनायें लागू की जाती हैं। जो सरकारें या पार्टियां इन योजनाओं को स्वयं चलाती हैं वे इन योजनाओं को बेहद जरूरी व जनहितकारी बताती हैं जबकि अन्य दलों के नेताओं को ऐसी योजनायें मुफ़्त की रेवड़ी नजर आती हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी पार्टी कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाई जा रही ऐसी योजनाओं को मुफ़्त रेवड़ी कल्चर बता चुके हैं और इससे बचने की सलाह भी दे चुके हैं। परन्तु ऐसी योजनाएं जब केंद्र सरकार द्वारा या मध्यप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ अथवा अन्य किसी भाजपा शासित राज्य द्वारा लागू की जाती है तो वह रेवड़ी न होकर जरुरत बन जाती है।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आपको हर कार्य में तरक्की मिलेगी और आपके रुके सभी कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा। | **तुला** आज करियर के मामले में दिन शुभ है और आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। |
| **वृषभ** लाभ का दिन है आपके द्वारा राजनीति के मामले में किए जा रहे प्रयासों में सफलता मिलेगी। | **वृश्चिक** आज करियर में सफलता का दिन है और आपका हर कार्य योजना के अनुसार पूरा होगा। |
| **मिथुन** दिन मिलाजुला रहेगा और आपको किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। | **धनु** आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। |
| **कर्क** आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। | **मकर** आज दिन शुभ है। पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। |
| **सिंह** शुभ योग बन रहे हैं और आपको धन के मामले में लाभ होगा। आपका दिन खुशियों से भरा होगा। | **कुंभ** आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको किसी प्रकार की कारोबारी डील में बड़ा धन लाभ हो सकता है। |
| **कन्या** लाभ होने के योग बन रहे हैं और आपको अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। | **मीन** आज लोग कलात्मक कार्यों में रुचि लेंगे। कुछ नया बनाने से मन को संतुष्टि मिलेगी। |

## विशेष

### सरकार मस्त है विपक्ष पस्त है

**लोकसभा और विधानसभा के** सत्र जहां पर भाजपा और डबल इंजन की सरकार है। वहां पर दिनों दिन सत्र छोटे होते चले जा रहे हैं। महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार चर्चा नहीं करना चाहती है। सदन के अध्यक्ष और सभापति सरकार के इशारे पर काम करते हैं। सांसदों और विधायक की अध्यक्ष सुनते नहीं है। सांसद और विधायक सदन के अंदर अपनी बात ही नहीं रख पाते हैं। सदन की कार्यवाही समाप्त हो जाती है। विपक्ष चर्चा की मांग करता है।सदन में हंगामा होता है। हो हल्ले के बीच सरकार अध्यक्ष की मिली भगत से सरकारी कामकाज पूरे कर लेती है। सरकार का बजट और बिल पास हो जाते हैं। सदन की कार्यवाही कार्यवाही बाधित होती है। सरकार जवाब देही बच जाती है। किसी भी बात का उसे जवाब नहीं देना पड़ता है, और सत्र समाप्त हो जाता है। भाजपा की इस रणनीति का विपक्ष के पास कोई जवाब नहीं है। सदन के बाहर जनता के बीच विपक्ष को अपनी लड़ाई लड़नी होगी।अपनी बात रखने से शायद जनता का समर्थन विपक्ष को मिले। अभी सरकार मस्त है ,पूरा विपक्ष पस्त है।

### मतदाता सूची को लेकर सरकार की हवाइयां उड़ी

केंद्र सरकार के बजट सत्र में सरकार को सबसे ज्यादा परेशानी मतदाता सूची को लेकर हो रही है। चुनाव आयोग और मतदाता सूची को लेकर सारा विपक्ष मिलकर आक्रमण कर रहा है। उससे सरकार की हवाइयां उड़ गई हैं। चुनाव आयोग के पोर्टल पर मतदाता सूचियों ने सरकार की नींद उड़ा दी है। चुनाव आयोग की नींद उड़ी हुई है। अभी तक न्यायपालिका आंख बंद करके चुनाव आयोग का समर्थन कर रही थी। अब न्यायपालिका भी आंख बंद करके नहीं रख पाएगी।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1997 राष्ट्रपति आर.वेंकटरमन द्वारा नोंवी लोकसभा भंग. 1997 मदर टेरेसा के स्थान पर सिस्टर निर्मला मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की नयी सुपीरियर जनरल निर्वाचित, 1999 गुमशुदा कार्टूनिस्ट इरफान का शव झाड़ियों में मिला. 2004 तहलका डाट कॉम के खुलासे के बाद बंगारु लक्ष्मण ने त्यागपत्र दिया. 2002 अयोध्या में विवादित भूमि पर सांकेतिक पूजा करने की अनुमति देने की केंद्र सरकार के आग्रह को उच्चत्तम न्यायालय ने ठुकराया. 2003 उच्चतम न्यायालय ने सरकार के विवादास्पद संशोधित चुनाव कानून को असंवैधानिक करार दिया. 2005 उत्तरांचल में मसूरी से चंबा जा रही एक बस खाई में गिरने से 25 मरे।

## दैनिक पंचांग

13 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.19 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 07.50 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.30 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.28 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.41 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.57 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.09 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.20 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.35 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.51 बजे से |
| 1.30 से 3.00 बजे तक | | मकर | 02.56 बजे से |
| | | कुंभ | 04.42 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 72 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 10.36 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी अहोरात्र।
**योग** धृति 13.03 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 10.36 बजे तदनन्तर विष्टि 23.28 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872282
**जूलियन दिन** 2460747.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** छोटी होली, होलिका दहन, पूर्णिमा उपवास, अट्टुकल पोंगाला।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक | |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# रैंक डिसाइड करता है निबंध, इन टिप्स की मदद से करें तैयारी

**निबंध लेखन यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा का अनिवार्य और एक महत्वपूर्ण भाग है। निबंध का पेपर सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के नौ पेपरों में से एक है। इस पेपर में आपको दो निबंध लिखने होंगे, जिनमें से प्रत्येक की शब्द सीमा 1000 - 1200 होगी। उम्मीदवारों को चार विषयों में से एक विषय का चयन करने के लिए दिया जाएगा।**

निबंध का पेपर कुल 250 अंकों का होता है, जिसमें एक निबंध 125 अंकों का होता है। इस पेपर के लिए एक बेहतर स्ट्रेटेजी बनाकर तैयार करना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं टॉपर की तरफ से तैयारी के कौन-से टिप्स दिए गए हैं।

### इंट्रोडक्शन में पाठक को लुभाने की हो ताकत

निबंध की शुरुआत इंट्रोडक्शन से होती है यही कारण है कि इसका सबसे अधिक आकर्षक होना आवश्यक है। टॉपर्स का कहना है कि इंट्रोडक्शन एक बेहतर निबंध का मूल मंत्र है।

### डाटा और फैक्ट्स से निबंध होगा मजबूत

टॉपर्स का कहना है कि निबंध में ज्यादा से ज्यादा डाटा और फैक्ट्स शामिल करने का प्रयास करें। ऐसा करने से न सिर्फ आपका निबंध विश्वसनीय बनेगा साथ ही आपको बेहतर अंक भी मिल सकते हैं।

रोज योजना मैगजीन पढ़ें

निबंध लिखने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि रोज योजना मैगजीन पढ़ें। योजना मैगजीन पढ़ने से आपको यह आइडिया हो जाएगा कि सरकारी निबंध कैसे लिखे जाते हैं। उम्मीदवार इस स्ट्रेटेजी को जरूर अपनाएं।

### असल जिंदगी के उदाहरण करें शामिल

एक बेहतर निबंध लिखने के लिए आवश्यक है कि सभी पाठकों को उससे जुड़ जाए। ऐसा करने के लिए उम्मीदवार लिखते समय असल जिंदगी से जुड़े हुए उदाहरण या किस्से कहानियां लिख सकते हैं। यह निबंध को अधिक सरल और रोचक बना देती है।



# स्कूली पढ़ाई के बाद बनाएं आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में करियर

अगर आप भी स्कूली पढ़ाई पूरी होने के बाद अन्य स्टूडेंट्स की तरह मेडिकल आदि अपना करियर नहीं बनाना चाहते हैं तो आपके पास कई ऑप्शन हैं। जिनमें आप बेहतर करियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक आर्किटेक्चर भी है। इंजीनियरिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण कोर्सेस में से आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स एक है। इसमें कोर्स में एडमिशन लेने के लिए कैंडिडेट को जेईई की परीक्षा में शामिल होना होता है। आर्किटेक्चर के तौर पर आपका काम बिल्डिंगों के निर्माण, डिजाइन आदि से संबंधित होता है। बता दें कि देश के अलावा विदेशों में भी आर्किटेक्चर्स की डिमांड काफी बढ़ी है। 12वीं पास करने के बाद आप भी इस फील्ड में अपना करियर बना सकते हैं। इसमें प्रवेश लेने के लिए आपको प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

## 4 साल का कोर्स

बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स 4 साल का होता है। इस कोर्स को 8 सेमेस्टर में डिवाइड किया गया है। इसकी पढ़ाई के दौरान छात्रों को प्लानिंग, डिजाइनिंग, निर्माण, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही सिविल इंजीनियरिंग के बुनियादी पहलुओं के बारे में भी स्टूडेंट्स को सिखाया बताया जाता है। इस कोर्स को करने वाले छात्रों में रचनात्मक, क्रिएटिविटी और कल्पना का होना जरूरी है।



## योग्यता

- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र को 12वीं साइंस स्ट्रीम से पास करना जरूरी है।
- 12वीं कक्षा की अंतिम परीक्षा के दौरान आप इस कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें एडमिशन के लिए छात्र के कम से कम 50% अंक होना जरूरी है।
- 12वीं पीसीएम में अंग्रेजी विषय की जानकारी होना आवश्यक है।
- आरक्षित श्रेणी के छात्रों को गाइडलाइन्स के हिसाब से 5% की छूट मिलती है।



## एडमिशन प्रोसेस

आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स करने वाले छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कैंडिडेट को कंडक्टिंग बॉडी द्वारा जारी किए आवेदन फॉर्म को भरना होता है। इस फॉर्म को भरने वाले कैंडिडेट को ई-मेल आईडी के जरिए अपनी शैक्षिक जानकारी और जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। इसके बाद आपको आवेदन फीस देनी होगी। आवेदन होने के बाद प्रवेश परीक्षा में उम्मीदवारों अच्छा प्रदर्शन करना होता है। परीक्षा में रैंक के आधार पर काउंसलिंग प्रोसेस होता है। नंबर अच्छे आने के बाद छात्रों को सीट अलॉट की जाती है।

### प्रवेश परीक्षा

- जेईई मेन
- जेईई एडवांस
- डब्ल्यूजेईई
- वीआईटीईईई
- एसआरएमजेईई
- केईएएम
- एलपीयूएनईएसटी
- एनएटीए
- एपी ईएएमसीईटी

## पद

- आर्किटेक्चर - 2 से 3 लाख रुपये
- बिल्डिंग सर्वेयर - 3.5 से 4 लाख रुपये
- आर्किटेक्चरल इंजीनियर - 4 से 5 लाख रुपये
- स्ट्रक्चरल इंजीनियर - 5 से 6 लाख रुपये
- रूरल प्लानिंग - 5 से 6 लाख रुपये
- अबर प्लानिंग - 6 लाख रुपये
- इंटिरियर डिजाइन - 5 से 6 लाख रुपये
- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स
- निर्माण उद्योग
- डिजाइन और वास्तुकला उद्योग
- इंटीरियर डिजाइनिंग
- नगर योजना आयोग
- एयरोस्पेस उद्योग
- भारतीय रेल
- नगर निगम
- भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन
- राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड
- आइडिया
- शोवा सेकेई
- पलाफॉक्स एसोसिएट्स
- मोर्फोजेनेसिस
- औकेट स्वांके
- मूलरूप समूह
- प्रोगेटो सीएमआर
- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स - उच्च शिक्षा
- एमटेक/एमई इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग
- एमबीए
- पीएचडी
- प्रतियोगिता परीक्षाएं

## कॉलेज और फीस

**इंदिरा गांधी प्रौद्योगिकी संस्थान**
कोर्स की फीस - 34,500 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 11,45,000 रुपये (सालाना)

**थंगल कुंजू मुसलियार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (टीकेएमसीई)**
कोर्स की फीस - 12, 425 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 8,00,000 रुपये (सालाना)

**चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ़**
कोर्स की फीस - 1,60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 6,00,00 रुपये (सालाना)

**निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर**
कॉलेज की फीस - 60,000 रुपये

**लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर**
कोर्स की फीस - 1,38, 200 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 20,00,000 रुपये (सालाना)

**इंडियाना इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, गोरखपुर**
कोर्स की फीस - 54, 000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 5,40,000 रुपये (सालाना)

**अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान - [एआईआईटीएम] चेन्नई**
कोर्स की फीस - 60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 3,00,000 रुपये (सालाना)

**केसी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ऊना**
कोर्स की फीस - 70,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 6,00,000 रुपये (सालाना)

**हिंदुस्तान प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान (एचआईटीएस) चेन्नई**
कोर्स की फीस - 2,87,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 3,80,000 रुपये (सालाना)

**स्कूल ऑफ एरोनॉटिक्स नई दिल्ली**
कोर्स की फीस - 1,80,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज - 4,80,000 रुपये (सालाना)

**आईआईटी, मद्रास**
कोर्स की फीस - 9.1 लाख रुपये

**एसआरएम विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस - 14 लाख रुपये

**एमआईटी मणिपाल**
कोर्स की फीस - 16 लाख रुपये

**अन्ना विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस - 5 लाख रुपये



# बकरी पालन एक लाभकारी व्यवसाय

आज जब एक ओर पशुओं के चारे दाने एवं दवाएं महँगी होने से पशुपालन आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हो गया हैं । ऐसे में बकरी पालन कम लागत एवं सामान्य देखरेख में गरीब किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के जीविकोपार्जन का एक मजबूत साधन बन रहा हैं । इतना ही नहीं इससे होने वाली आय समाज के आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं । बकरी पालन स्वरोजगार का एक प्रबल साधन बन रहा है। बकरी एक पालतु पशु है जिसे दूध तथा मांस के लिये पाला जाता है । इसके अतिरिक्त इससे चमड़ा, बाल, रेशा तथा खाद प्राप्त होता है । वातावरण एवं वरणात्मक प्रजनन ने बकरी की कई नस्लों को तैयार किया, जो विभिन्न स्थानों पर उपयोग के अनुसार पाई जाती हैं । आज भारत में लगभग 20 उन्नत नस्लें पाई जाती हैं । बकरी पालन का एक लाभकारी पहलू यह है कि इसे महिलाएं भी आसानी से पाल सकती हैं । वर्तमान में बकरी व्यवसाय की लोकप्रियता तथा सफलता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में इसका व्यवसायीकरण हो रहा हैं । औद्योगिक घराने तथा व्यवसायी बकरी पालन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है और बड़े बड़े बकरी फार्म सफलतापूर्वक चल रहे हैं । भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में बकरी जैसा छोटे आकार का पशु भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं । विगत 2-3 दशकों में बढ़ी हुई वध दर के वाबजूद विकासशील देशों में बकरियों की संख्या में निरंतर वृद्धि, इनके सामाजिक एवं आर्थिक महत्व को दर्शाती हैं । प्राकृतिक रूप से निम्न कारक बकरी विकास दर को बड़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं और इन्हीं कारणों से बकरी का एक विशेष स्थान है - बकरी का विभिन्न जलवायु क्षेत्रों में ढालने की क्षमता रखना । इसी गुण के कारण बकरियां देश के विभिन्न भौगोलिक भूभागों में पाई जाती हैं। बकरी की अनेक नस्लों का एक से अधिक बच्चा देने की क्षमता रखना । बकरी की व्याने के उपरांत अन्य पशु प्रजातियों की तुलना में पुन- जनने के लिये जल्दी तैयार हो जाना ।

बकरी पालन प्राय- सभी जलवायु में कम लागत, साधारण आवास, सामान्य रख-रखाव तथा पालन पोषण के साथ संभव है । इसके उत्पाद की बिक्री हेतु बाजार सर्वत्र उपलब्ध है।

## बकरी पालन की उपयोगिता

आज जब एक ओर पशुओं के चारे दाने एवं दवाएं महँगी होने से पशुपालन आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हो गया हैं । ऐसे में बकरी पालन कम लागत एवं सामान्य देखरेख में गरीब किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के जीविकोपार्जन का एक मजबूत साधन बन रहा हैं । इतना ही नहीं इससे होने वाली आय समाज के आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं । बकरी पालन स्वरोजगार का एक प्रबल साधन बन रहा है। बकरी पालन मुख्य रूप से मांस, दूध तथा रोआ (पसमिना एवं मोहेर) के लिये किया जा सकता हैं । हमारे क्षेत्र में पाई जाने वाली बकरियां वयस्क होकर दो वर्ष में कम से कम 3 बार बच्चों को जन्म देती हैं और एक वियान में 1 से 2 बच्चों को जन्म देती हैं । बकरियों से मांस, दूध, खाल एवं रोआ के अतिरिक्त इसके मल-मूत्र से जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ती हैं । बकरियां प्राय- चारागाह पर निर्भर रहती हैं । यह झाड़ियाँ, जंगली घास तथा पेड़ के पत्तों को खाकर हम लोगो के लिये पौष्टिक पदार्थ जैसे मांस एवं दूध उत्पादित करती हैं।

### बकरी पालन हेतु कुछ सावधानियां

- बकरा बकरी को अलग अलग रखना चाहिये।
- प्रथम प्रजनन 8 से 10 माह के बाद ही कराना चाहिये।
- बच्चा देने के बाद कम से कम 30 बाद ही पुन- प्रजनन करावें ।
- बकरी के बच्चों को ठंड से बचाना चाहिये।
- नर बच्चों का बधियाकरण 2 माह की उम्र में कराएं ।
- बकरियों का नियमित टीकाकरण कराएं तथा कृमिनाशक दवा दें ।
- आवास हमेशा साफ सुथरा रखें।

## जापानी वाहन निर्माता कंपनी निसान के सीईओ का इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापानी कार निर्माता निसान मोटर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माकोटो उचिदा ने अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। यह कदम कंपनी के खराब वित्तीय नतीजों के बाद उठाया गया है।



### कौन लेंगे उचिदा की जगह?

निसान ने मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि इवान एस्पिनोसा, जो फिलहाल कंपनी के चीफ प्लानिंग ऑफिसर हैं, अब उचिदा की जगह नए सीईओ का पद संभालेंगे।

**उचिदा कब तक कंपनी से जुड़े रहेंगे?–** हालांकि, उचिदा अभी कंपनी के निदेशक पद पर बने रहेंगे और यह स्थिति तब तक रहेगी जब तक निसान की जनरल शेयरहोल्डर्स मीटिंग नहीं हो जाती। उन्होंने हाल ही में यह संकेत भी दिया था कि वह नई लीडरशिप के लिए रास्ता तैयार करना चाहते हैं।

### पिता के गिफ्ट का कमाल

## अचानक बढ़ी अरबपति महिला की संपत्ति

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कॉर्पोरेट की दुनिया में इन दिनों रोशनी नादर मल्होत्रा खूब चर्चा बटौर रही हैं। रोशनी नादर मल्होत्रा एचसीएल के संस्थापक शिव नाडार (शिव नाडार) की बेटी है और अब उन्हें एचसीएल समूह एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। रोशनी नादर मल्होत्रा ने एचसीएल समूह में उत्तराधिकार के एक बड़े कदम के बाद भारत की तीसरी सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। फॉर्च्यून इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रोशनी अब एचसीएल के लिए स्ट्रैटेजिक



फैसले लेने की बागडोर संभालेंगी, जो कि 12 बिलियन डॉलर की ग्लोबल टेक कंपनी है। बता दें कि रोशनी को इसी 8 मार्च, महिला दिवस के दिन एचसीएल कॉर्पोरेशन और वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट्स (वामा दिल्ली) में अपने पिता शिव नादर की 47 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली, जिससे वे भारत की अरबपतियों की रैंकिंग में शामिल हो गईं।

### क्या है डिटेल

एचसीएल के संस्थापक अरबपति शिव नादर ने रणनीतिक उत्तराधिकार योजना के तहत एचसीएल कॉर्प और वामा दिल्ली में अपनी 47 प्रतिशत हिस्सेदारी अपनी बेटी रोशनी नादर मल्होत्रा को उपहार में दे दी है। एचसीएल टेक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि हस्तांतरण के बाद रोशनी नियंत्रण हासिल कर लेंगी और वामा दिल्ली और एचसीएल कॉर्प की बहुलांश शेयरधारक बन जाएंगी।

भारत-अमेरिका समझौते से व्यापार दोगुना करने की योजना

# अमेरिका ने भारत को रेसिप्रोकल टैरिफ से रखा है बाहर

### समझौता भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में पहुंच देगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। इसका लक्ष्य दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाना है। यह बातचीत ऐसे समय हो रही है जब दुनिया में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी से हड़कंप मचा हुआ है। उन्होंने भारत पर भी जवाबी शुल्क यानी रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। लेकिन, जिस समझौते पर चर्चा जारी है वह पूरा खेल सेट कर देगा। यह भारत और अमेरिका के बीच कारोबार को दोगुना कर 2030 तक 500 अरब डॉलर पहुंचाने की नींव तैयार करेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि अमेरिका ने भारत को अब तक रेसिप्रोकल टैरिफ से बाहर रखा है। तमाम चेतावनियों के बीच यह दिखाता है कि अमेरिका भारत से किस हद तक उम्मीद कर रहा है।

भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बाजारों तक पहुंच बढ़ाना है। साथ ही, आयात शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना भी है। इसके अलावा, सप्लाई चेन इंटीग्रेशन को बेहतर बनाने पर भी फोकस किया जा रहा है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में इस बारे में जानकारी दे चुके हैं। उन्होंने कहा, दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक अमेरिका ने भारत पर कोई रेसिप्रोकल टैरिफ नहीं लगाया है। अमेरिका ने 13 फरवरी को रेसिप्रोकल ट्रेड और टैरिफ पर एक ज्ञापन (मेमोरैंडम) जारी किया था। इसमें वाणिज्य सचिव और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि को ट्रेड पार्टनर्स की ओर से अपनाई गई किसी भी गैर-पारस्परिक व्यापार व्यवस्था से अमेरिका को होने वाले नुकसान की जांच के लिए जरूरी ऐक्शन को कहा गया है। साथ ही, हरेक ट्रेड पार्टनर के लिए प्रस्तावित उपायों के साथ एक रिपोर्ट देने को भी कहा गया है।

### पिछले महीने पीएम मोदी गए थे अमेरिका

पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से भी ज्यादा बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की थी। साथ ही, 2025 तक एक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु–क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत करने की भी घोषणा की थी।

प्रसाद के मुताबिक, भारत पारस्परिक रूप से लाभकारी और निष्पक्ष तरीके से द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और व्यापक बनाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, यह एक सतत प्रक्रिया है और भारतीय निर्यातक व्यापार को विविधतापूर्ण बनाने और नए निर्यात स्थलों की तलाश में लगे हुए हैं। भारत के निर्यात में अमेरिका का कालीनों में 59.11 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स में 34.5 प्रतिशत और इंजीनियरिंग सामान में 16.12 प्रतिशत हिस्सा है।

## अडानी के हाथ लगा मुंबई में एक और प्रोजेक्ट, लागत 36000 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाउसिंग प्रोजेक्ट को लेकर गौतम अडानी को एक और खुशखबरी मिली है। अडानी ग्रुप को मुंबई में एक बड़ा हाउसिंग प्रोजेक्ट मिला है। अडानी ग्रुप का यह प्रोजेक्ट गोरेगांव के मोतीलाल नगर में है। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज की रियल एस्टेट शाखा अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मोतीलाल नगर का रीडेवलपमेंट करेगी। इस प्रोजेक्ट की लागत 36 हजार करोड़ रुपये है। यह मुंबई का सबसे बड़ा हाउसिंग प्रोजेक्ट है।

### कितने एरिया में है यह प्रोजेक्ट

मोतीलाल नगर प्रोजेक्ट गोरेगांव (पश्चिम) के उपनगर में 143 एकड़ में फैला है। इसमें तीन अलग–अलग हिस्सों– मोतीलाल नगर प्रथम, द्वितीय और तृतीय का रीडेवलपमेंट शामिल है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से गोरेगांव की तस्वीर बदल जाएगी।

**धारावी प्रोजेक्ट भी है अडानी के पास**–मुंबई में अडानी ग्रुप के लिए यह दूसरा बड़ा शहरी पुनर्विकास प्रोजेक्ट है। इससे पहले ग्रुप धारावी स्लम रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में शामिल था। यह प्रोजेक्ट एशिया के सबसे बड़े स्लमों में से एक को विश्व स्तरीय शहरी केंद्र में बदलने का काम करेगा। इस प्रोजेक्ट पर एमएचएडीए का पूरा कंट्रोल रहेगा। जमीन की मालिक भी एमएचएडीए ही रहेगी। अडानी प्रॉपर्टीज को कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट एजेंसी चुना गया है। अडानी प्रॉपर्टीज डिजाइन, अप्रूवल, निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और लोगों को दूसरी जगह बसाने का काम देखेगी।

## राजनीति और कारोबार... बिजनस चलाने में आ रही है परेशानी, एलन मस्क ने कही दिल की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला के मालिक एलन मस्क कई कंपनियों को चलाते हैं। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, स्पेसएक्स, टेस्ला, स्टारलिंक, न्यूरालिंक आदि कंपनियों के मालिक हैं। पिछले साल अमेरिका में हुए चुनाव में उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को जिताने के लिए काफी मदद की। इसका उन्हें इनाम भी मिला और सरकारी विभाग डीओजीई का प्रमुख बनाया गया। लेकिन अब मस्क को अपना कारोबार चलाने में काफी परेशानी आ रही है। फॉक्स बिजनेस को दिए एक इंटरव्यू में मस्क ने इस बात को स्वीकार किया उन्होंने अपने कई कारोबार चलाने में बहुत मुश्किल हो रही है। यह इंटरव्यू सोमवार को प्रसारित हुआ था। सोमवार को मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयर में 15 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई थी। इस गिरावट के कारण टेस्ला के शेयर की कीमतें 5 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई थीं।

**क्यों आ रही मस्क को परेशानी–** फॉक्स बिजनेस के लैरी कुडलो ने मस्क से पूछा कि वह डीओजीई और राजनीति में समय देते हुए अपने





बाकी बिजनेस कैसे मैनेज करते हैं। मस्क अमेरिकी सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी में एक अहम भूमिका निभाते हैं। इस पर मस्क ने जवाब दिया, बहुत मुश्किल से।

मस्क ने आगे कहा, मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैं यह सब कर रहा हूं। यह अजीब है। उन्होंने बताया कि वो सरकार को और कुशल बनाने, फिजूलखर्ची और धोखाधड़ी कम करने की कोशिश कर रहे हैं और अब तक अच्छी प्रगति हुई है।

# जब दूसरे पैसे लगाने से डर रहे हों तो आप लालची बन जाइए: आखिर वॉरेन

**मुंबई, एजेंसी।** इन दिनों भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उठा-पटक चल रही है। जब शेयर बाजार में तेज गिरावट आती है, तो निवेशकों में घबराहट फैल जाती है और कई निवेशक तो जल्दबाजी में फैसले लेने लगते हैं। ऐसी स्थिति में घबराकर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में योगदान बंद करना या जितने साल का लक्ष्य है, उस समय से पहले अपने निवेश को भुनाना निवेशकों को एक सुरक्षित कदम की तरह लग सकता है। लेकिन वास्तव में यह आपके फाइनेंशियल हेल्थ के लिए नुकसानदायक है।

### एसआईपी क्यों नहीं बंद करें

बड़ौदा बीएनपी पारिबा एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सुरेश सोनी का कहना है कि एसआईपी के पीछे मूल सिद्धांत रूपी कास्ट एवरेजिंग है और इसे बाजार की अस्थिरता के दौरान निवेशकों के हित में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। वास्तव में, जब आप लोअर मार्केट लेवल पर एसआईपी जारी





रखते हैं, तो आप अपने समान मंथली निवेश की राशि से अधिक यूनिट खरीद सकते हैं, क्योंकि नेट एसेट वैल्यू कम होती है। यह रणनीति सुनिश्चित करती है कि जब बाजार में रिकवरी आती है, तो इन बढ़ी हुई यूनिट पर आपको ज्यादा लाभ होता है।

**निवेश बनाए रखना क्यों जरूरी है–** एक स्टडी से पता चलता है कि पिछले 2 दशक में, ऐसे 13 मौके आए, जब एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स ने 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की। इनमें से 11 मौकों पर, इंडेक्स ने एक साल बाद पॉजिटिव रिटर्न दिया। इसके अलावा, इनमें से 9 मौकों पर रिटर्न दोहरे अंकों में था, जबकि औसत रिटर्न 21 फीसदी रहा। अगर आप 10 फीसदी की गिरावट के बाद भी निवेश के लिए 3 साल तक समय-सीमा बढ़ाते हैं, तो निगेटिव रिटर्न का एक भी उदाहरण नहीं था।

### वॉरेन बफे का क्या है कहना

यह डेटा दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे के प्रसिद्ध कोट की याद दिलाता है, जिसमें वह कहते हैं- जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में बेचने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है, जबकि निवेश बनाए रहने से टाइम और कंपाउंडिंग निवेशक के पक्ष में काम करते हैं। जब बाजार में घबराहट होती है तो हम अपनी दौलत नहीं गंवाते हैं, बल्कि जब हम घबराते हैं तो हम अपने पैसों का नुकसान कर लेते हैं। एसआईपी बंद करने से, निवेशक लोअर प्राइस पर यूनिट जमा करने का अवसर खो देता है। इसके अलावा, अक्सर निचले स्तरों पर जल्दबाजी में बाहर निकलने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है। नतीजा यह होता है कि निवेशक बाजार में अगले मूवमेंट से होने वाले संभावित लाभ से चूक जाता है।

## एलन मस्क की कंपनी के साथ डील के बाद रॉकेट बना भारती एयरटेल का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में शुरुआती कारोबार में ही 3 प्रतिशत चढ़कर 1717.25 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी डील है। दरअसल, बीते दिन मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ डील की जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि उसने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की हाई स्पीड वाली इंटरनेट सेवाएं देने के लिए अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की उपग्रह कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की है।

### क्या है डिटेल

एयरटेल ने बयान में कहा कि यह समझौता स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक की उपग्रह संचार-आधारित सेवाओं को बेचने के लिए मंजूरी हासिल करने के अधीन है।


बयान के मुताबिक, यह समझौता एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाएगा कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकश को किस तरह पूरक बनाने के साथ विस्तारित कर सकती है। इससे भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए स्पेसएक्स की सीधी पेशकशों को पूरक बनाने की भी परख होगी।

# सोना मजबूत होकर 88790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

### चांदी 350 रुपये नरम पड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने का भाव तीन दिन की गिरावट के बाद मजबूत होकर 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने सोने के भाव की पुष्टि की है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 40 रुपए बढ़कर 88,790 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछले बंद भाव 88,750 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 99.5 प्रतिशत वाला सोना भी 40 रुपए बढ़कर 88,390 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया।

**चांदी 350 रुपये फिसलकर 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई–** हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये की गिरावट के साथ 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। सोमवार को चांदी की कीमत 99,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोने का वायदा भाव 19.30 डॉलर या 0.67 प्रतिशत बढ़कर 2,918.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 2,912.43 डॉलर प्रति औंस हो गया।





**वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी–** एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट- कमोडिटी व करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा, डॉलर इंडेक्स में कमजोरी और अमेरिका में टैरिफ संबंधी बढ़ती चिंताओं के कारण आर्थिक अनिश्चितता का संकेत मिलने से सोने की कीमतों में तेजी आई। सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी मजबूत रही और ईटीएफ प्रवाह ने तेजी की धारणा को समर्थन दिया।

## एयरटेल और स्पेसएक्स की हुई साझेदारी, भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट को भारत में लाने की योजना है, हालांकि यह डील तभी लागू होगी जब स्टारलिंक को भारतीय सरकार से स्टारलिंक सेवाएं बेचने की अनुमति मिलेगी।

**एयरटेल और स्टारलिंक की साझेदारी के मुख्य बिंदु–** स्टारलिंक उपकरण की बिक्री- एयरटेल, अपने स्टोर्स में स्टारलिंक उपकरण बेच सकता है और इसे बिजनेस ग्राहकों को ऑफर कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट- यह साझेदारी ग्रामीण स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और दूरदराज





के इलाकों में इंटरनेट सेवा पहुंचाने का काम करेगी। एयरटेल नेटवर्क का विस्तार- स्टारलिंक, एयरटेल के नेटवर्क को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, और स्टारलिंक, भारत में एयरटेल के बुनियादी ढांचे का उपयोग कर सकता है। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्ठल ने कहा कि स्टारलिंक के साथ मिलकर भारत में एयरटेल ग्राहकों के लिए स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एयरटेल की अगली पीढ़ी की सैटेलाइट कनेक्टिविटी के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# 37 फीसदी भारतीय धोखाधड़ी के लिए बैंक को मानते हैं जिम्मेदार, 66 प्रतिशत ग्राहक चाहते हैं ठगी होने पर पैसा लौटे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में हर तीन में से दो (66 फीसदी) ग्राहकों का मानना है कि बैंकों को धोखाधड़ी के शिकार लोगों का पैसा लौटाना चाहिए। वहीं, आधे से अधिक ग्राहक चाहते हैं कि बैंकों को धोखाधड़ी का पता लगाने और इस संबंध में चेतावनी जारी करने के लिए बेहतर सुरक्षा प्रणाली लागू करनी चाहिए। अमेरिका स्थित वैश्विक एनालिटिक्स सॉफ्टवेयर कंपनी एफआईसीओ की सर्वे रिपोर्ट में पाया गया है कि एक-तिहाई से अधिक (37 फीसदी) ग्राहक धोखाधड़ी का शिकार होने पर बैंकों को जिम्मेदार मानते हैं। यह सर्वे भारत सहित दुनिया के 14 देशों के 11,000 बैंक ग्राहकों से बातचीत पर आधारित है। इसमें ग्राहकों से भुगतान उपयोग, धोखाधड़ी और उनके बैंकों की घोटाला प्रबंधन क्षमताओं के बारे में पूछा गया था।

### बैंक बदलने के पक्ष में ग्राहक

सर्वे में कहा गया है कि धोखाधड़ी के मामले में आधे से ज्यादा (56 फीसदी) भारतीय ग्राहक बैंक में शिकायत दर्ज कराएंगे। 30 फीसदी इस मामले को नियामकों तक पहुंचाने के पक्ष में हैं। अन्य तीन






फीसदी ग्राहकों का कहना है कि धोखाधड़ी की स्थिति में वे बैंक ही बदल देंगे।

**धोखेबाजों के खिलाफ लड़ाई में आगे आएं बैंक–** एफआईसीओ के एशिया में प्रबंध निदेशक दत्तू कोम्पेला ने कहा, धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों को देखते हुएभारतीय ग्राहक उम्मीद करते हैं कि उनके बैंक ठगों के खिलाफ लड़ाई में आगे आएं। अपने ग्राहकों की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा के लिएबैंक अपने सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाएं।

# स्वितोलिना, एंड्रीवा, स्वीयाटेक इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन की 23वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बारिश का सामना करते हुए 5-7, 6-1, 6-2 से नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिकी जेसिका पेगुला को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।पूर्व इंडियन वेल्स सेमीफाइनलिस्ट ने अपनी शुरुआती असफलताओं को भुलाकर मैच को अपने पक्ष में मोड़ दिया और अंतिम 15 गेम में से 12 गेम जीतकर अपने 21वें डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जो 2021 के बाद से उनका पहला मैच था। कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में धुंध भरे दिन पर, स्वितोलिना और पेगुला को तीसरे सेट के पहले गेम के बाद बारिश के कारण लंबे समय तक खेल में देरी का सामना करना पड़ा। यह स्वितोलिना ही थी जो बीच में अपनी आंखों में आग लेकर वापस आई। उसने पेगुला को पीछे धकेल दिया और जीत के साथ आगे निकल गई। पेगुला ने इस महीने की शुरुआत में ऑस्टिन खिताब जीतने के बाद इंडियन वेल्स में प्रवेश किया, लेकिन स्वितोलिना शीर्ष पर रही, जिसने अपने करियर की आठ भिड़ंत में पेगुला पर अपनी तीसरी जीत हासिल की। स्वितोलिना, जो 2019 के बाद पहली बार टेनिस पैराडाइज में क्वार्टर फाइनल में है, का सामना मीरा एंड्रीवा से होगा, जिसने तीन सप्ताह में दूसरी बार एलेना रिबाकिना को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

17 वर्षीय रूसी एंड्रीवा का रेगिस्तान में यह सफर दुबई चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के तुरंत बाद शुरू हुआ, जिसने उन्हें 2007 के बाद से शीर्ष 10 में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बना दिया। इससे पहले, इगा स्वीयाटेक ने 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन मुचोवा को 6-1, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पोल ने तीन राउंड में केवल छह गेम गंवाए हैं, जो मोनिका सेलेस के इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के दौरान सबसे कम गेम गंवाने के रिकॉर्ड की बराबरी करता है, जिसमें कम से कम तीन मैच खेले गए हैं। इस प्रक्रिया में, स्वीयाटेक तीन इंडियन वेल्स ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने की अपनी दावेदारी को और मजबूत कर रही हैं, और 1991 में मार्टिना नवरातिलोवा के बाद से यहां खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली महिला बनेंगी। 1989 में इस आयोजन के उद्घाटन के बाद से, मोनिका सेलेस ने इंडियन वेल्स में महिला एकल खिताब के लिए सबसे कम गेम गंवाए हैं, 1992 में (पांच मैचों में) केवल 12 गेम गंवाए थे। अगर किसी खिलाड़ी के पास इस अविश्वसनीय उपलब्धि की बराबरी करने का मौका है, तो वह स्वीयाटेक ही होंगी।



## गौतम गंभीर ने तैयार किया रोडमैप

# आईपीएल2025 के दौरान करेंगे यह बड़ा काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी दुबई में तिरंगा लहरा कर आई है. उसने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता है. अब अगले करीब 2 महीने तक टीम इंडिया को कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेलना है, क्योंकि 22 मार्च-25 मई तक पूरा भारतवर्ष आईपीएल2025 के रोमांच का आनंद ले रहा होगा. इस बीच खबर सामने आई है कि टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड रवाना होने वाले हैं. बता दें कि जून-जुलाई के महीने में भारत को इंग्लैंड के साथ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है.

20 जून को भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले गौतम गंभीर इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करके आएंगे. यह गौर करने वाली बात है कि इंडिया ए टीम के पास कोई कोच नहीं है, ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि गौतम गंभीर केवल एक समीक्षक के रूप में इंडिया ए टीम के साथ जाएंगे या फिर वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच होने का पदभार संभालेंगे. बताते चलें कि लक्ष्मण अभी नेशनल क्रिकेट अकादमी में हेड ऑफ क्रिकेट के पद पर कार्यरत हैं. गंभीर यदि इंग्लैंड जाते हैं तो यह किसी विदेशी दौरे पर पहली बार होगा जब इंडिया ए के साथ सीनियर टीम का कोच मौजूदा रहेगा. सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस आने के बाद गौतम गंभीर लगातार बीसीसीआई अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे हैं. गंभीर ने खुद इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड जाने की इच्छा जाहिर की है, जिससे उन्हें रिजर्व खिलाड़ियों का भी एक आइडिया मिल सके. इसके अलावा गंभीर ने अभी से अगले 2 साल का रोडमैप तैयार करना शुरू कर दिया है. बता दें कि अगले 2 साल के भीतर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, 2026 टी20 वर्ल्ड कप और 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप भी खेला जाना है.

# आईपीएल 2025 से पहले कोलकाता पहुंचे नाइट राइडर्स

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले अपने अंतिम प्री-सीजन कैंप की शुरुआत करने के लिए सिटी ऑफ जॉय पहुंचे। 12 मार्च से प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में होने वाला यह कैंप सीजन ओपनर से पहले टीम की तैयारी का आखिरी चरण होगा। प्री-सीजन कैंप में नए कप्तान और मजबूत कोचिंग स्टाफ के नेतृत्व में रणनीति को बेहतर बनाने और टीम के तालमेल को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। हेड कोच चंद्रकांत पंडित के नेतृत्व में, सहायक कोच के रूप में ओटिस गिब्सन और टीम के मेंटर के रूप में डीजे ब्रावो के शामिल होने से कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल 2025 अभियान में नई ऊर्जा आएगी।



गत चैंपियन 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेंगे। केकेआर ने आईपीएल फाइनल में चार बार भाग लिया है, जिसमें से तीन बार (2012, 2014, 2024) चैंपियनशिप जीती है। वे 2021 सीजन में उपविजेता रहे, जिसने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बेहतरीन वापसी की। नाइट राइडर्स द्वारा फ्रैंचाइज़ी संभालने के बाद से टीकेआर पुरुष टीम ने 10 वर्षों में चार बार सीपीएल चैंपियनशिप जीती है। वह कैरिबियन की सबसे सफल टीम है और पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम हारे बिना 2020 में ट्रॉफी जीतने का बेहतरीन रिकॉर्ड उनके नाम है। नाइट राइडर्स की पहली महिला टीम टीकेआर 2022 में उद्घाटन डब्ल्यूसीपीएल की चैंपियन थी। वहीं, हाल ही में टीम इंडिया ने पाकिस्तान की मेजबानी में खेले गए चैंपियंस ट्राफी को अपने नाम किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में खुद पांच मुकाबले खेले और सभी में जीत दर्ज की। भारत ने फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया।

# संन्यास लेने से पहले रोहित की नजर वनडे विश्व कप खिताब पर होगी: रिकी पोंटिंग

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में) अच्छी पारी खेली थी। पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। पोंटिंग ने कहा, 'मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए।

रोहित ने 2021 में 34 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में भारत ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इससे पहले भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में ही वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित की 83 गेंद पर खेली गई 76 रन की पारी की मदद से आसन जीत हासिल की।



## शेन बॉन्ड की जसप्रीत बुमराह को चेतावनी

# यह करियर खत्म करने वाला हो सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज और मुंबई इंडियंस (एमआई) के पूर्व गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सर्जरी जिस जगह हुई थी, उसी जगह पर एक और चोट लगने से उनका करियर खत्म हो सकता है और उन्होंने कहा कि भविष्य में वह उन्हें एक बार में दो से ज़्यादा टेस्ट मैच खेलते हुए नहीं देखना चाहेंगे।

बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से वह रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के लिए मशहूर अभियान से बाहर हो गए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा राष्ट्रीय खजाना कहे जाने वाले इस गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भारत के लिए अकेले संघर्ष किया, जिसमें उन्होंने पांच मैचों में 32 विकेट लिए, इससे पहले इस साल जनवरी में सिडनी में अंतिम टेस्ट मैच में वह तनाव से संबंधित चोट से पीड़ित हो गए थे। उन्होंने तब से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है और भारत के विजयी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान को भी मिस किया है। बुमराह बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब पूरा कर रहे हैं और 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मुंबई इंडियंस के लिए उनकी उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है। बुमराह को पहली बार पीठ में चोट नहीं लगी है, क्योंकि मार्च 2023 में उनकी इसके लिए सर्जरी हुई थी।



# मैं हरभजन सिंह के साथ काम नहीं करना चाहता: जतिन सप्रू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए जतिन सपरू कोई अनजाना नाम नहीं है। वह सालों से क्रिकेट बॉडकास्टर्स से जुड़े हुए हैं और लगभग हर बड़े मैच के दौरान वह टीवी स्क्रीन पर नजर आते रहे हैं। उन्होंने सुनील गावस्कर से लेकर हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ियो के साथ कमेंट्री की है। हालांकि मंगलवार को उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के साथ यह अपील की कि वह हरभजन सिंह के साथ काम नहीं करना चाहते। पहले जतिन सप्रू ने अपने इंस्टाग्राम के जरिए एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, सम्मान के साथ, संबंधित प्राधिकारी से मेरा अनुरोध है कि आगे से मुझे भज्जी सर के साथ पार्टनर ना करें। उन्होंने मुझे बोलने का मौका ही नहीं दिया। मुझे नहीं लगता कि यह ठीक है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैं अपने पार्टनर के खिलाफ यह लिख रहा हूं लेकिन हरभजन सिंह ने मेरे पास कोई और विकल्प नहीं छोड़ा है।' हरभजन सिंह भी इस आरोप पर शांत नहीं रहा। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, जतिन का ये आरोप कि मैंने उसे कुछ बोलने नहीं दिया बिल्कुल झूठ है। भज्जी ने आगे लिखा, मैं हमारी फुटेज पब्लिक करने की अपील करता हूं, ताकि सच लोगों तक पहुंच सके। यह पूरा मामला क्या है इसे लेकर यूजर्स भी अलग-अलग अंदाजे लगा हैं। कई लोग इसे मार्केटिंग स्ट्रेटिजी कह रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि दोनों के बीच कोई समस्या चल रही है।

---------------

# आईपीएल 2025 छक्के पर छक्का... आते ही कर दी धुलाई शुरू, कोई गेल कहता है, कोई पोलार्ड समझता है

आईपीएल 2025 का खेल भले ही अभी शुरू ना हुआ हो, मगर उस खिलाड़ी का खेल दिखने लगा है. उसने गेंदबाजों की धुलाई शुरू कर दी है. बल्ले से छक्के पर छक्का बरसा रहा है और उसे ऐसा करते हुए देख फैंस झूम रहे हैं. हम बात कर रहे 22 साल के रॉबिन मिन्ज की, जिन्हें मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 15.25 करोड़ के खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर चुना है. वैसे, आईपीएल के लिए रॉबिन मिन्ज का नाम नया नहीं है. गुजरात टाइटंस ने 3.20 करोड़ रुपये में इन्हें आईपीएल 2024 के लिए खरीदा था. मगर तब वो सीजन शुरू होने से ठीक पहले बाइक एक्सीडेंट का शिकार हुए और एक भी मुकाबला नहीं खेल सके थे.



## 15.25 करोड़ के खिलाड़ी का विकल्प हैं मिन्ज!

बाइक एक्सीडेंट का रॉबिन मिन्ज को नुकसान हुआ. एक तो आईपीएल में डेब्यू करने का इंतजार बढ़ गया और दूसरा आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में उन्हें अपनी पिछली रकम से पूरे 2 करोड़ 55 लाख रुपये कम मिले. मुंबई इंडियंस ने उन्हें सिर्फ 65 लाख रुपये में खुद से जोड़ा है. मुंबई इंडियंस रॉबिन को इशान किशन के विकल्प के तौर पर देख रही है, जो इस सीजन में उसका हिस्सा नहीं है. इशान किशन को मुंबई इंडियंस 15,25 करोड़ रुपये देती थी. लेकिन, अब वही काम 65 काम के मिन्ज करते दिख सकते हैं. इशान की तरह मिन्ज भी बाएं हाथ से खेलते हैं और विकेटकीपर बल्लेबाज हैं.

## कोई गेल कहता है, कोई पोलार्ड समझता है

रॉबिन मिन्ज झारखंड से आते हैं. वो आईपीएल खेलने वाले पहले आदिवासी क्रिकेटर हैं. बाएं हाथ के मिन्ज के खेलने के अंदाज और छक्के लगाने की काबिलियत को लेकर झारखंड में कोई उन्हें गेल कहता है तो कोई पोलार्ड समझता है. मगर ये बात तो अब तभी साबित होगी जब आईपीएल की पिच पर मिन्ज गर्दा उड़ाते दिखेंगे. वैसे, मुंबई इंडियंस के नेट्स से उनका जो वीडियो सामने आया है, उससे उनके दमदख और मिजाज का अच्छा पता चलता है. दिखता है कि वो कितने आक्रामक हैं और उनके शॉट्स में कितनी पावर है. नेट्स पर रॉबिन मिन्ज हर गेंद पर बड़ा शॉट्स लगाने की प्रैक्टिस करते दिख रहे हैं.उन्हें इसमें कामयाबी भी मिल रही है. उम्मीद है कि जैसा नेट्स पर दिख रहा है, मौका मिलने पर मैच में भी ऐसे ही ताबड़तोड़ छक्के उनके बल्ले से बरसते दिखे.

रॉबिन मिन्ज विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज तो हैं ही, इसके अलावा वो लेफ्ट आर्म स्पिन भी कराते हैं. मतलब, मुंबई इंडियंस के सामने ऑप्शन खुले होंगे उन्हें मैच में उन्हें यूज करने के . देखना दिलचस्प रहेगा कि जब मौका मिलता है तो आईपीएल के पहले आदिवासी क्रिकेटर के तौर खेलने उतर रहे मिन्ज क्या करते हैं

# जसप्रीत बुमराह- हार्दिक पंड्या के फैन्स को झटका, नहीं खेलेंगे आईपीएल के शुरुआती मैच...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की शुरुआत में अब चंद दिन बचे हैं. चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद अब दर्शकों पर आईपीएल का खुमार छाएगा. आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, जिसका ओपनिंग मैच मौजूदा चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होगा. यह उद्घाटन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा. लेकिन शुरुआती मुकाबलों को लेकर कुछ अपडेट हैं. जसप्रीत बुमराह, पंड्या के बाद अब ताजा नाम लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव का शामिल हुआ है. यह वह खिलाड़ी है, जो शुरुआती मुकाबले या शुरुआती हाफ में नहीं खेलेगा. वहीं, पंड्या क्यों बाहर रहेंगे, इसकी वजह आईपीएल 2024 से जुड़ी हुई है. मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे. क्रिकइंफो के अनुसार, मयंक यादव कमर की चोट से उबर रहे हैं. मयंक ने हाल ही में बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी शुरू की है. वह पिछले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत के लिए डेब्यू के बाद इंजर्ड हो गए थे. मयंक के कमबैक के लिए बीसीसीआई ने अभी तक कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन अगर वह अपने बॉलिंग वर्कलोड के साथ फिटनेस मापदंडों को पूरा करते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं.



टूर्नामेंट के पहले हाफ में मयंक की अनुपलब्धता लखनऊ के लिए झटका है, जिसने उन्हें मेगा नीलामी से पहले 11 करोड़ रुपये (लगभग 1.31 मिलियन डॉलर) में रिटेन किया था. जबकि 2024 सीजन से पहले उन्हें एक अनकैप्ड गेंदबाज के रूप में 20 लाख रुपये में खरीदा गया था. मयंक को इतनी ज्यादा कीमत उनकी गेंदबाजी के कारण मिली, उन्होंने आईपलएल 2024 में लगातार 150 किमी प्रति घंटे की स्पीड से गेंदें फेंकी थीं. इसी वजह से उनको आईपीएल में अपने पहले दो मैचों में दो बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला था. उनकी प्रतिभा को देखकर नेशनल सेलेक्टर्स ने मयंक को फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल किया था. मयंक का आईपीएल 2024 में सफर केवल 4 मैचों तक था, रिहैब के दौरान, मयंक को एक अलग चोट लग गई, जिससे उनकी वापसी में देरी हुई, लेकिन उन्होंने अंततः बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मुकाबला खेला और डेब्यू किया.



## रणदीप हुड्डा से भिड़े सनी देओल, बोले - 'मैं जाट हूं'

अभिनेता रणदीप हुड्डा और सनी देओल स्टारर फिल्म जाट के निर्माताओं ने मंगलवार को एक नया टीज़र जारी किया। इसमें सनी देओल अपने गदर अंदाज में नजर आए। एक्शन से भरे सीन में सनी देओल और रणदीप हुड्डा के बीच जबरदस्त मुकाबला नजर आया।

सनी ने इंस्टाग्राम पर यह टीज़र वीडियो शेयर किया, जिसमें वह दमदार अंदाज में एक हॉल में प्रवेश करते हैं और दुश्मनों को मार गिराते हैं। एक्शन के बीच वह चिल्लाकर कहते हैं - मैं जाट हूं। वहीं, रणदीप हुड्डा भी खलनायक की भूमिका में उम्दा नजर आए।

टीज़र शेयर करते हुए सनी ने कैप्शन में लिखा, बॉक्स ऑफिस पर 'जाट' के वर्चस्व के लिए 30 दिन बाकी हैं। इस बैसाखी पर सिनेमाघरों में आपका मनोरंजन करने के लिए तैयार है। 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले सोमवार को रणदीप ने अपकमिंग फिल्म से अपने खतरनाक किरदार 'रणतुंगा' की झलक दिखाई थी। निर्देशक-अभिनेता गोपीचंद की फिल्म 'जाट' हिंदी के साथ तेलुगू और तमिल में रिलीज होगी। एक्शन एंटरटेनर 'जाट' में अभिनेता सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में उनके साथ रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, रेजिना कैसेंड्रा, सैयामी खेर और स्वरूपा घोष जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत थमन ने दिया है और ऋषि पंजाबी ने सिनेमैटोग्राफी की है। कोरियोग्राफी शोबी पॉलराज ने की है। फिल्म की कहानी को पांच लेखकों की टीम ने तैयार किया है, जिसमें विवेक आनंद, निम्मगड्डा श्रीकांत, श्रीनिवास गविरेड्डी, मयूख आदित्य और कृष्णा हरि का नाम शामिल है। 'जाट' का संपादन नवीन नूली ने किया है। फिल्म में धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस हैं, जिसे देश के चार टॉप स्टंट कोरियोग्राफर्स ने तैयार किया है। स्टंट को राम-लक्ष्मण, वी. वेंकट, पीटर हेन और अनल अरासु ने कोरियोग्राफ किया है।



### पेरिस में स्टाइलिश नजर आईं दीपिका

# रणवीर बोले– 'मुझ पर रहम करो'

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने पेरिस के लुई वुइटन फैशन वीक में शिरकत की। उन्होंने व्हाइट ड्रेस में अपनी बेहद स्टाइलिश और खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की, जिस पर प्यारा कमेंट करने से उनके पति और अभिनेता रणवीर सिंह खुद को रोक नहीं पाए।

वुइटन फैशन वीक में भाग लेने से पहले दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में दीपिका पेरिस में एफिल टॉवर के सामने पोज देती नजर आ रही हैं। वह एक पत्थर की रेलिंग पर झुकी हुई दिखाई दे रही हैं, जिसके पीछे आइकॉनिक टावर है। उन्होंने सफेद ओवरसाइज्ड कोट, काले दस्ताने और काले रिबन वाली चौड़ी सफेद टोपी पहनी है। दीपिका की पोस्ट पर उनके प्रशंसकों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने भी कमेंट किया। हालांकि, इनमें से सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करने वाला कमेंट था दीपिका के पति और अभिनेता रणवीर सिंह का, जिन्होंने एक लाइन में पत्नी के लिए खूबसूरत बात लिखी। दीपिका की तारीफ से मंत्रमुग्ध नजर आए रणवीर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, भगवान मुझ पर रहम करो।

दीपिका और रणवीर ने साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला की शूटिंग के दौरान एक-दूसरे के करीब आए थे। लंबे समय तक साथ रहने के बाद दोनों ने साल 2018 में शादी कर ली। उन्होंने इटली के लेक कोमो में शादी की थी। उन्होंने दक्षिण भारतीय और सिंधी दोनों रीति-रिवाज के साथ शादी की थी। शादी के 6 साल बाद दोनों पेरेंट्स बने। दीपिका ने 8 सितंबर, 2024 को बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने दुआ पादुकोण सिंह रखा है।

## कर्नाटक के मंदिर में कैटरीना कैफ ने की सर्प संस्कार पूजा

**बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने मंगलवार को कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में श्री कुक्के सुब्रह्मण्य मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह पूजा दो दिनों तक चलेगी।**

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने कनार्टक के श्री कुक्के सुब्रह्मण्य मंदिर में पूजा-अर्चना की और साथ ही उन्होंने वहां पर आज सर्प संस्कार पूजा में हिस्सा भी लिया। जानिए आखिर क्यों की कैटरीना ने सर्प संस्कार पूजा। मंदिर अधिकारियों ने बताया कैटरीना अपने दोस्तों के साथ आज मंदिर पहुंचीं और वहां पर उन्होंने सर्प संस्कार पूजा की, जो आमतौर पर किसी की संपत्ति पर या फिर किसी के पूर्वजों द्वारा नाग देवता की मृत्यु के प्रायश्चित के रूप में की जाती है।



**कितने दिन की होती है सर्प संस्कार पूजा**

सर्प संस्कार पूजा लगभग दो दिनों तक चलती है। कैटरीना ने आज यह पूजा मंगलवार को शुरू की थी और अब वह बुधवार को भी इसे जारी रखेंगी। यह पूजा लगभग चार से पांच घंटे तक चलती है।

**कहां ठहरेंगी कैटरीना**

कैटरीना को सर्प संस्कार पूजा में दो दिन लगेंगे इसलिए वह मंदिर के वीआईपी गेस्ट हाउस में रुकेंगी। आज मंगलावर को पूजा की शुरुआत हो चुकी है और यह पूजा कल बुधवार दोपहर 2 बजे तक पूरी होने की उम्मीद है।

**क्या है सर्प संस्कार पूजा**

कथित तौर पर सर्प दोष वाले लोगों द्वारा सर्प संस्कार किया जाता है। इस मंदिर में सर्प दोष से छुटकारा पाने के लिए भक्तों द्वारा की जाने वाली पूजा में से एक है सर्प संस्कार की पूजा होती है। सर्प संस्कार सेवा वाले भक्तों को दो दिनों तक रहने की आवश्यकता होती है। सेवा केवल दिन में होती है और शाम को कोई विशेष पूजा नहीं होती है।

## हिंदी सिनेमा में वापसी कर ज्योतिका खुश



**हाल** ही में ज्योतिका वेब सीरीज डब्बा कार्टेल में नजर आई हैं। इस सीरीज को लेकर हाल ही में उन्होंने खुलकर बात की। साउथ की मशहूर अभिनेत्री ज्योतिका हिंदी सिनेमा में वापसी करके काफी खुश हैं। उनके मुताबिक यह समय महिलाओं के लिए खास है, क्योंकि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उन्हें अच्छे और मजबूत किरदार निभाने का मौका मिल रहा है। ज्योतिका ने 2024 में सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान से हिंदी सिनेमा में वापसी की थी। यह उनकी पहली फिल्म डोली सजा के रखना (1998) के 26 साल बाद रिलीज हुई थी।

**25 साल से ज्यादा के बाद हिंदी सिनेमा में हुई वापसी**

ज्योतिका ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, हिंदी सिनेमा में वापसी के लिए मुझे 25 साल लग गए। आज ओटीटी का दौर है। इसमें हर उम्र की महिलाओं को शानदार काम मिल रहा है। मुझे अलग-अलग भाषाओं के कलाकारों के साथ मौका मिल रहा है। मैं अपनी जिंदगी की राह पहले से तय नहीं करती, बस बहाव के साथ चलती हूं। यह सफर सचमुच बहुत खूबसूरत है।

**डब्बा कार्टेल की वजह से सुर्खियों में हैं ज्योतिका**

ज्योतिका इन दिनों नेटफ्लिक्स की क्राइम सीरीज डब्बा कार्टेल में नजर आ रही हैं। शबाना आजमी, निमिशा सजयन, अंजलि आनंद, साई ताम्हणकर और लिलेट दुबे भी हैं। हितेश भाटिया के निर्देशन में बनी यह सीरीज पांच आम महिलाओं की कहानी है। ये महिलाएं एक साधारण डब्बा सर्विस चलाती हैं, जो धीरे-धीरे एक खतरनाक ड्रग डिलीवरी ऑपरेशन में बदल जाती है।

**किरदार से खुद को जुड़ा किया महसूस:** 46 साल की ज्योतिका ने कहा कि उन्हें अपने किरदार वरुणा से गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। वरुणा एक ऐसी महिला है जो पहले कॉर्पोरेट की बड़ी दुनिया में थी और बाद में कपड़ों का बिजनेस शुरू करने का सपना देखती है। ज्योतिका ने कहा, यह किरदार एक आम महिला की तरह दिखता है। वास्तविकता से भरे किरदार निभाना मुश्किल होता है, क्योंकि इनमें आप खुद को देखते हैं। मुझे ऐसे रोल आकर्षित करते हैं जो सच के करीब हों। हालांकि, ऐसे किरदार अच्छे लिखे हुए कम ही मिलते हैं।

## रोहित शेट्टी के शो में मल्लिका शेरावत की एंट्री?

### नए सीजन में खतरों से खेलेंगी एक्ट्रेस!



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत को साल 2004 में रिलीज हुई मर्डर फिल्म से रातोंरात शोहरत मिली थी। इसमें वो इमरान हाशमी के साथ नजर आई थीं। इंडस्ट्री में लंबे समय तक काम किया तो ब्रेक भी लिया। उन्होंने 2024 में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से कमबैक किया। अब कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वो स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आ सकती हैं, जिसे रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मल्लिका को पहले भी खतरों के खिलाड़ी 15 का ऑफर दिया गया था, लेकिन पहले के कुछ कमिटमेंट के कारण वो इसमें हिस्सा नहीं ले पाई थीं। हालांकि, इस साल उनकी तरफ से चीजें पॉजिटिव दिख रही हैं। हालांकि, अभी तक ऑफिशियली ऐलान नहीं हुआ है। मल्लिका के अलावा एल्विश यादव, अविनाश मिश्रा, ओरी, दिग्विजय सिंह राठी, ईशा सिंह, चुम दरांग, सिद्धार्थ निगम, बसीर अली, गुल्की जोशी और भाविका शर्मा सहित कई अन्य हस्तियां शामिल हो सकती हैं। मोहसिन खान से शो का हिस्सा बनने के लिए संपर्क किया गया है।

### कब शुरू होगा खतरों के खिलाड़ी 15

रिपोर्ट्स के मुताबिक, खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग मई 2025 में शुरू होने वाली है और इस साल जून या जुलाई के आसपास इसका प्रीमियर होने की उम्मीद है। आप इस शो को कलर्स चैनल और जियो सिनेमा ऐप पर देख सकते हैं। बीते सीजन की बात करें तो इसे करण वीर मेहरा ने जीता था।

### इन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं मल्लिका

मल्लिका की बात करें तो उन्होंने प्यार के साइड इफेक्ट्स, वेलकम, हिस्स और डबल धमाल जैसी फिल्मों में काम किया है।




## ऑस्ट्रेलिया टूर पर पहली बार अनुष्का को साथ ले जाने के लिए विराट ने की थी गुजरिश, हो गया था कमाल

**अनुष्का** शर्मा और विराट कोहली के बीच सालों से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। अनुष्का शर्मा क्रिकेटर विराट कोहली की बड़ी फैन हैं। उनका रिश्ता प्यार और एक दूसरे को इज्जत देने वाला है। विराट कोहली मानते हैं कि उनकी जिंदगी पर अनुष्का शर्मा की छाप है। चैंम्पियंस ट्रॉफी में 9 मार्च 2025 को जब भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की तो विराट कोहली अनुष्का शर्मा को हग करने के लिए दोड़े। शादी से पहले भी अनुष्का शर्मा विराट कोहली को सपोर्ट करती थीं और वह अच्छा खेलते थे। रवी शास्त्री ने फॉक्स क्रिकेट के साथ बातचीत में उस वक्त को याद किया जब उनकी भारतीय टीम 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा रही थी। रवि के मुताबिक उस वक्त विराट कोहली अनुष्का को डेट कर रहे थे। उन्होंने हमसे गुजारिश की कि दौरे पर उनके साथ अनुष्का को जाने की इजाजत दी जाए। उस वक्त बीसीसीआई का नियम था कि क्रिकेटर्स के साथ सिर्फ उनकी पत्नियां जा सकती थीं, गर्लफ्रेंड नहीं। इसके बाद शास्त्री ने मामले में दखल दिया और उन्होंने जरूरी फोन किए। इसके बाद उन्होंने ये इतमिनान दिलाया कि विराट के साथ अनुष्का जाएंगी।



## दो पार्ट में रिलीज होगी नानी की द पैराडाइज ?

साउथ अभिनेता नानी इन दिनों अपनी फिल्म द पैराडाइज को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। माना जा रहा है कि यह फिल्म नानी की अब तक की सबसे बड़ी और महंगी फिल्म होगी। फिल्म को लेकर अब एक ताजा जानकारी सामने आई है कि द पैराडाइज दो भागों में रिलीज की जाएगी, जिसे सुनने के बाद नानी के प्रशंसक द पैराडाइज को लेकर बेहद खुश और उत्साहित हैं। द पैराडाइज को श्रीकांत ओडेला निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म की पहली झलक ने ही प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता पैदा कर दी है। फिल्म के पोस्ट में नानी का लुक अभी तक की उनकी सभी फिल्मों से बिल्कुल अलग नजर आया। यही वजह है कि नानी के प्रशंसकों को इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है, ताकि वह अपने पसंदीदा अभिनेता को एक अलग रूप में देख सकें। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू में नानी ने अपनी फिल्म द पैराडाइज को मैड मैक्स का भारतीय रूप बताया। वहीं अब ताजा जानकारी के अनुसार, कई बड़े बजट फिल्मों की तरह द पैराडाइज को भी दो भागों में बनाया जाएगा। पहला पार्ट 26 मार्च, 2026 को रिलीज होगा, जबकि इसका दूसरा भाग ज्यादा समय ले सकता है।

साभार एजेंसी